दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र
D Edition
Reg.No.RJ26D00120077

# भारत टाइम्स

www.bharattimenews.com
सत्यमेव परं श्रुतम्
Bharattimesnews01@gmail.com

वर्ष- 2 | अंक-75 | दिल्ली, मंगलवार 7 मई 2024 | पेज-8 | ई-पेपर नई दिल्ली से प्रसारित

**विचार**

"आपकी आत्मा के बाहर कोई शत्रु नहीं है। असली शत्रु आपके अंदर रहते हैं और वे हैं क्रोध, अहंकार, लोभ, आसक्ति और घृणा"



चुनाव प्रचार की पिच पर योगी का शतक

**न्यूज. ब्रीफ**

### कतर के मीडिया हाउस पर बैन लगाया

तलअवीव। इजराइल में पाबंदी लगने के बाद रविवार देर शाम कतर के मीडिया हाउस अलजजीरा के ऑफिस पर पुलिस ने रेड की। इजराइल के कम्युनिकेशन मिनिस्टर श्लोमो करही ने बताया है कि रेड में अलजजीरा के कैमरा समेत काफी सामान सीज किया गया है। इजराइल में अलजजीरा का ऑफिस यरुशलम के ऐंबैस्डर होटल में है। श्लोमो ने एक वीडियो शेयर किया है, इसमें पुलिस होटल के कमरे में घुसती हुई दिखाई दे रही है। इजराइल के ब्रॉडकास्ट मंत्री श्लोमो करही ने इस आदेश को तुरंत प्रभाव से लागू कर दिया है। कैबिनेट के मुताबिक, हमास जंग में चैनल की रिपोर्टिंग से नाराजगी के चलते ये फैसला लिया गया। इजराइल ने अलजजीरा पर कतर का माउथपीस होने का आरोप लगाया है।

### पाकिस्तान के विदेश मंत्री बनेंगे बिलावल भुट्टो

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की कैबिनेट में वापसी कर सकते हैं। भुट्टो को पाकिस्तान का विदेश मंत्री बनाया जा सकता है। दरअसल, भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज के बीच सरकार बनाने का समझौता अपने अंतिम रूप में है। बिलावल भुट्टो पहले विदेश मंत्री बनने के लिए तैयार नहीं थे। बाद में पार्टी नेताओं ने उन्हें इस पद के लिए मना लिया है। अब पीपीपी के औपचारिक रूप से कैबिनेट में शामिल होने के समय पर काम किया जा रहा है। बिलावल भुट्टो ने चुनाव के दौरान कहा था कि अगर नवाज जीते तो वो फिर से उनकी कैबिनेट में विदेश मंत्री का पद नहीं संभालेंगे।

### के कविता की जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को एक्साइज पॉलिसी केस में सीबीआई और ईडी के केस में बीआरएस नेता के कविता की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने कहा कि उन्हें राहत देने के लिए यह सही समय नहीं है। इससे पहले 23 अप्रैल की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने के. कविता और एक अन्य आरोपी चरनप्रीत की कस्टडी भी 7 मई तक बढ़ाई थी, जो कल खत्म हो रही है। प्रवर्तन निदेशालय ने सुनवाई के दौरान यह भी कहा था कि के. कविता के केस में एजेंसी 60 दिन में चार्जशीट फाइल करेगी।

### 23 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

अहमदाबा। दिल्ली-एनसीआर के बाद अहमदाबाद के 23 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद सोमवार सुबह विद्यार्थियों और अभिभावकों में दहशत फैल गई। ई-मेल मिलने के बाद बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वॉड और पुलिस अधिकारियों की टीमों ने स्कूलों की तलाशी ली। हालांकि, जांच में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला है। बता दें, हाल ही में रूसी सर्वर से दिल्ली के 100 स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

**लोकसभा चुनाव 2024: तीसरे चरण में आज 11 राज्यों की 93 सीटों पर मतदान, चार पूर्व मुख्यमंत्री भी मैदान में**

# 1331 प्रत्याशियों की अग्निपरीक्षा




**नई दिल्ली।** तीसरे चरण के तहत देश के 11 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 93 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। कुल 1331 प्रत्याशी मैदान में हैं। मध्य प्रदेश की बैतूल लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में चुनाव होगा। यहां आठ उम्मीदवार मैदान में हैं। पहले यहां दूसरे चरण में मतदान होना था, लेकिन बसपा प्रत्याशी के निधन के बाद चुनाव की नई तारीख घोषित की गई थी। उधर, गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी ने निर्विरोध जीत दर्ज कर ली है। तीसरे चरण में गुजरात की 25 लोकसभा सीटों पर सबसे अधिक 658 और महाराष्ट्र की 11 लोकसभा सीटों पर 519 नामांकन पत्र दाखिए किए गए हैं। महाराष्ट्र के उस्मानाबाद लोकसभा सीट पर सबसे अधिक 77 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। इस फेज में भाजपा से 82, कांग्रेस से 68, समाजवादी पार्टी से 10, टीएमसी से 06, शिवसेना (यूबीटी) से 5 कैंडिडेट मैदान में हैं। इस फेज में चार पूर्व मुख्यमंत्री (शिवराज सिंह चौहान, दिग्विजय सिंह, जगदीश शेट्टार और बसवराज बोम्मई) शामिल हैं। तीसरे चरण में असम की 4 सीट, बिहार की 5 सीट, छत्तीसगढ़ की 7 सीट, मध्य प्रदेश की 9 सीट, महाराष्ट्र की 11 सीट, दादर-नगर हवेली और दमन-दीव में एक-एक सीट, गोवा की 2 सीटे, कर्नाटक की 14 सीट, जम्मू-कश्मीर की एक सीट, पश्चिम बंगाल की 4 सीट, गुजरात की 25 और उत्तर प्रदेश की 10 सीटों पर वोटिंग होनी है। मतदान केंद्रों पर छाया के लिए टेंट की व्यवस्था होगी। ठंडा पानी भी उपलब्ध होगा। बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर का इंतजाम होगा। एनसीसी, एनएसएस और स्काउट के स्वयंसेवक भी मतदान केंद्रों पर मौजूद रहेंगे। पैरामेडिकल स्टाफ और मेडिकल किट की व्यवस्था भी रहेगी। बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए परिवहन की सुविधा उपलब्ध होगी। क्रेच की व्यवस्था भी रहेगी। **392 करोड़पति, 244 दागी मैदान में-** तीसरे चरण में 1,352 प्रत्याशियों में 392 के पास 1 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति है। मतलब 29 प्रतिशत करोड़पति हैं। जबकि एक उम्मीदवार की औसत संपत्ति करीब 5.66 करोड़ रुपये बैठती है। इस चरण में सबसे अमीर प्रत्याशी भाजपा की पल्लवी श्रीनिवास डेंपो हैं, जिन्होंने 1,361 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है।

### दिग्गजों की साख दांव पर

तीसरे चरण के चुनाव में कई दिग्गजों का भविष्य टिका हुआ है। मध्यप्रदेश के विदिशा में शिवराज सिंह चौहान, गुना शिवपुरी से ज्योतिरादित्य सिंधिया और राजगढ़ में दिग्विजय सिंह के लिए भी तीसरे चरण में वोट डाले जाएंगे। छत्तीसगढ़ की कोरबा और रायपुर जैसी हाई प्रोफाइल सीटों पर सात मई को वोटिंग होगी, जहां से सरोज पांडे और बृजमोहन अग्रवाल चुनाव लड़ रहे हैं। यूपी में मुलायम परिवार के अक्षय यादव, डिंपल यादव, आदित्य यादव के भाग्य का फैसला भी गुरुवार को होगा। आगरा में एस पी सिंह बघेल और एटा में राजवीर सिंह की सीटों पर थर्ड फेज में मतदान होगा। 7 मई को महाराष्ट्र की 11 लोकसभा सीटों पर भी वोट डाले जाएंगे। बारामती सीट पर वोटिंग होगी, जहां सुनेत्रा पवार और सुप्रिया सुले के बीच कड़ा मुकाबला है। महाराष्ट्र में नारायण राणे और अनंत गीते की सीटों पर वोटिंग होगी।

**अलीराजपुर के जोबट और खरगोन के सेगांव में राहुल गांधी ने किया दावा**

## 400 सीट छोड़िए, इन्हें 150 भी नहीं मिलेंगी



**संविधान खत्म करना चाहती है भाजपा और आरएसएस**

**अलीराजपुर।** मप्र में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 9 संसदीय सीटों पर मंगलवार को मतदान है। इसी बीच चुनाव से एक दिन पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रदेश के दौरे पर पहुंचे। जहां उन्होंने अलीराजपुर के जोबट और खरगोन के सेगांव में राहुल गांधी ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्हों ने कहा कि ये चुनाव संविधान को बचाने का चुनाव है। भाजपा और आरएसएस इसे मिटाने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए उन्होंने 400 पार का नारा दिया है। 400 सीट तो छोड़िए उनको 150 भी नहीं मिलेंगी। जोबट की सभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा- पीएम कल आने वाले हैं। उनसे पूछना कि 2 करोड़ युवा बेरोजगारों को नौकरियां कब मिलेंगी।

### मोदी ने अरबपतियों को पैसा दिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने अरबपतियों को पैसा दिया, उनका कर्ज माफ किया, इसलिएज हमने मन बना लिया है कि अगर वे अरबपतियों को पैसा दे सकते हैं तो हम गरीब सामान्य वर्ग, दलितों, आदिवासियों को पैसा दे सकते हैं। नरेंद्र मोदी ने चंद लोगों को अरबपति बनाया है, हम करोड़ों लखपति बनाने जा रहे हैं। एक महिला को सालाना 1 लाख रुपए देंगे कांग्रेस नेता ने कहा कि हम हर गरीब परिवार की एक महिला को सालाना 1 लाख रुपए देंगे, किसानों को रूस्वक मिलेगी और उनका कर्ज माफ होगा। कांग्रेस ने आपको जमीन अधिग्रहण बिल, वन अधिकार अधिनियम, पेसा कानून दिया।

**मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोनिया गांधी और राहुल पर बोला हमला**

## मां-बेटे के मोह में कांग्रेस का सत्यानाश



**उज्जैन।** मुख्यमंत्री मोहन यादव सोमवार को उज्जैन लोकसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। वे आलोट, फिर तराना और आखिर में उज्जैन शहर के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। मनोरमा गार्डन में महिला मोर्चे के कार्यक्रम में सीएम मोहन यादव ने सोनिया गांधी, राहुल गाधी और प्रियंका पर तंज कसा और कहा कि ये चुनाव दो मां के बीच में है। एक मां अपने बच्चे के मोह में पार्टी का सत्यानाश कर रही है, वो पार्टी है कांग्रेस। उसको दो ही बच्चे दिख रहे एक बेटी और एक बेटा। पूरी पार्टी जाए भाड़ में। कोई लेना देना नहीं है। उनके बच्चे को प्रधानमंत्री बनाना है। सीएम ने कहा कि जिनके पति प्रधानमंत्री रहे, जिनकी सास, दादी, परनानी ने 55 साल सरकार चलाई, लेकिन पेट नहीं भराया। देश को आजादी चंद्र शेखर और भगत सिंह ने क्रांतिकारियों ने दिलाई देश को आजादी कांग्रेस के अकेले खानदान ने थोड़ी दिलाई, लेकिन ये सत्ता पकडकर बैठ गए शहंशाह बन गए। राहुल पर तंज कसते हुए सीएम ने कहा- एक ऐसा राकेट है, जब भी ऊपर उठाओ नीचे गिर जाता है, ऊपर जाता ही नहीं है मनाता ही नहीं है। पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि एक तरफ भारत माता का बेटा जिसने अपनी भारत माता का सम्मान बढ़ाया, जिस दिन उनकी माँ ने शरीर छोड़ा, माँ की अंत्येष्टि हुई और भारत माँ की सेवा करने आ गये। करीब दो घंटे देरी से पहुंचे सीएम मोहन यादव के निशाने पर रहे सोनिया गांधी राहुल गांधी और प्रियंका गांधी। सीएम ने कहा कि मध्य प्रदेश में जबलपुर में रानी दुर्गावती ऐसी रानी हुई, जिसने जीते जी पूरी ताकत से मुगलों से युद्ध लड़ा और जब उन्हें लगा कि वे शहीद हो सकती है, तो उन्होंने अपने खास सैनिक से कहा मेरा शरीर जीते जी दुश्मनों के हाथ ना लगे इसलिए उन्होंने खुद हाथ से अपने सीने में कटार घोप ली। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए सांसद प्रत्याशी अनिल फिरोजिया ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी ने इस देश का नाम और मस्तक पूरे विश्व में ऊंचा किया है वही नारी शक्ति के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है।

## हनी ट्रैप से जुड़े केस के सभी आरोपी बरी

**पीड़िता ने पहचानने से किया इनकार**



**भोपाल।** मप्र में 2019 के चर्चित हनी ट्रैप केस से जुड़े मानव तस्करी के मामले के तीन आरोपी बरी हो गए। पीड़ित महिला ने कोर्ट में तीनों आरोपी आरती दयाल, श्वेता जैन और अभिषेक सिंह ठाकुर को पहचानने से इनकार कर दिया था। आरोपी अभिषेक के वकील तारिक सिद्दीकी ने बताया कि सीआईडी कोर्ट में मानव तस्करी के सबूत पेश नहीं कर सकी। जबकि जिस महिला को मानव तस्करी का शिकार बताया जा रहा था उसने कोर्ट में आरोपियों को पहचानने से ही इनकार कर दिया। ऐसे में कोर्ट ने हमारी दलीलों को सुनने के बाद अभिषेक, आरती दयाल और श्वेता जैन को भी बरी कर दिया है। फैसला आरोपी सोमवार को एडीजे पल्लवी द्विवेदी की कोर्ट ने सुनाया है। **11 गवाह, 7 पेज में पेश किए थे सबूत-** हनी ट्रैप केस की जांच के दौरान स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम को एक युवती की खरीद फरोख्त की जानकारी मिली थी। जिसके बाद सीआईडी भोपाल ने पीड़ित महिला की शिकायत पर मानव तस्करी का एक अन्य केस दर्ज किया था। 27 दिसंबर 2019 को 3 आरोपी अभिषेक, आरती और श्वेता के खिलाफ चालान पेश किया, और पीड़िता के साथ 11 गवाहों की सूची पेश की गई। सीआईडी को फरियादी ने 7 पेज का बयान सबूत के तौर पर दिया था। इसमें उसने सिर्फ एक बार श्वेता जैन का जिक्र किया। कहा कि उसे श्वेता और बरखा ने बताया था।

**टी-20 वर्ल्डकप में आतंकी हमले की धमकी**

## आईएस खोरासान ने वेस्टइंडीज को वीडियो भेजा, इंडिया सुपर-8 में पहुंची तो सभी मैच यहीं होंगे



**पाकिस्तान।** अफगानिस्तान में एक्टिव आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट खोरासान ने टी-20 वर्ल्डकप के दौरान आतंकी हमले की धमकी दी है। त्रिनिदाद और टोबागो के प्रधानमंत्री कीथ राउली ने बताया कि आतंकी संगठन ने कई देशों को वीडियो मैसेज भेजे हैं, इनमें वेस्टइंडीज भी शामिल है। वेस्टइंडीज में एंटीगुआ और बरबूडा, बारबडोस, गुयाना, सेंट लूसिया, सेंट विंसेंट, ग्रेनाडाइंस, त्रिनदाद और टोबागो में वर्ल्डकप मैच होंगे। अमेरिका में फ्लोरिडा, न्यूयॉर्क और टेक्सास में मुकाबले खेले जाएंगे। टी-20 वर्ल्डकप वेस्टइंडीज और अमेरिका में 2 जून से 29 जून तक खेला जाएगा। इंडिया के सभी लीग मैच अमेरिका में होने हैं। इसके बाद अगर टीम सुपर-8 के लिए क्वालिफाई करती है तो उसे ये मुकाबले वेस्टइंडीज में खेलने होंगे। प्रो-इस्लामिक स्टेट के मीडिया ने कई देशों में स्पोर्ट्स इवेंट्स के दौरान हिंसा की धमकी दी है।

## मंत्री पीएस के नौकर के घर मिला 25 करोड़ कैश

**ईडी ने झारखंड में 9 ठिकानों पर छापा मारा**



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय की टीमों ने 9 जगह छापा मारा। ईडी को अब तक 28 करोड़ से ज्यादा कैश मिला है। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पर्सनल सेक्रेटरी संजीव लाल के नौकर जहांगीर, पीएस के करीबी ठेकेदार मुन्ना सिंह, रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट के इंजीनियर विकास कुमार और कुलदीप मिंज के घर रेड डाली गई। इसके अलावा 3 और ठिकानों पर छापा मारा गया। पीएस संजीव के नौकर जहांगीर के घर 25 करोड़ और करीबी मुन्ना के यहां 3 करोड़ से ज्यादा का कैश मिला है। ईडी की टीम ने नोट गिनने की मशीनें और कैश वैन बुलाई है। अबतक नोट गिनने की चार मशीनें घर के अंदर गई है। सूत्र बताते हैं कि पैसे इतने है कि गिनते गिनते मशीन गर्म हो रही है। दोपहर बाद एक और गाड़ी मशीन लेकर पहुंची है।




**सभा** | **ओडिशा में चुनावी सभा और रैली में प्रधानमंत्री ने कहा कि...**

## ओडिशा में कांग्रेस पस्त, बीजद अस्त

**4 जून राज्य की बीजद सरकार की एक्सपायरी डेट, नई सरकार का निमंत्रण देने आया हूं**



**बहरामपुर/नवरंगपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को ओडिशा के बहरामपुर और नवरंगपुर में रैली की। उन्होंने कहा- कल मैं प्रभु राम की नगरी अयोध्या में था। आज महाप्रभु जगन्नाथ की धरती पर आया हूं। ओडिशा में इस बार 2 यज्ञ एक साथ हो रहे हैं। एक यज्ञ देश में, हिंदुस्तान में मजबूत सरकार बनाने के लिए है। और दूसरा यज्ञ ओडिशा में भाजपा के नेतृत्व वाली मजबूत राज्य सरकार बनाने का है। आप जानते हैं कि भाजपा जो कहती है, वो करके दिखाती है। इसलिए, यहां सरकार बनने के बाद हम पूरी शक्ति से संकल्प पत्र में की गई घोषणाओं पर अमल करेंगे। ये मोदी की गारंटी है। मोदी बोले कि ओडिशा में बीजद अस्त है, कांग्रेस पस्त है और लोग भाजपा पर आश्वस्त हैं। सिर्फ भाजपा उम्मीदों का नया सूरज बनकर आई है। ओडिशा में करीब 50 साल तक कांग्रेस और करीब 25 साल तक बीजद रही, लेकिन क्या हुआ, सबने देखा। प्रधानमंत्री ने कहा कि 4 जून पर यहां की बीजद सरकार की एक्सपायरी डेट लिखी हुई है। आज 6 मई है, 6 जून को भाजपा के मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार तय होगा। 10 जून को भुवनेश्वर में भाजपा के मुख्यमंत्री का शपथ समारोह होगा। मैं आज सबको भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री के शपथ समारोह के लिए निमंत्रण देने आया हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ने बहुत गौरव से ओडिशा की मिट्टी में जन्मी, ओडिशा की बेटी को देश का सबसे बड़ा पद दिया है। ये मेरा सौभाग्य है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी मुझे लगातार ओडिशा के विकास के लिए बहुत बारीक-बारीक चीजें बताती हैं। अमीर ओडिशा के लोग गरीब बने हुए हैं प्रधानमंत्री ने कहा कि ओडिशा में उपजाऊ भूमि, खनिज संसाधन, समुद्री तट, बरहामपुर जैसा व्यापार केंद्र,

### उडिया संस्कृति को समझने वाला सीएम चाहिए

मोदी बोले कि ओडिशा में उडिया संस्कृति को समझने वाला, जीने वाला, गर्व करने वाला और उडिया संस्कृति के लिए समर्पित भाजपा का मुख्यमंत्री बनेगा, तो आपकी समस्याओं का तेजी से समाधान होगा। इसलिए, भाजपा के मुख्यमंत्री, भाजपा की सरकार का शपथ समारोह होना चाहिए और आपको उसमें आना चाहिए।

# गणेश स्तुति के साथ भगवान परशुराम के पंच दिवसीय महोत्सव का हुआ शुभारंभ

♦भारत टाइम्स♦

**ब्यावर /अनिल सिखवाल।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में ब्राह्मण समाज ब्यावर द्वारा पंच दिवसीय महोत्सव का शुभारम्भ सोमवार को सेन्दडा रोड स्थित हारित वाटिका में हुआ भगवान परशुराम जन्मोत्सव समिति के मीडिया प्रभारी रवि डंडायत ने बताया कि सेन्दड़ा रोड़ स्थित हारित वाटिका में सर्वप्रथम पण्डित विकास गौड़ ने मंत्रोच्चार कर महिलाओं द्वारा गणेश स्तुति और भगवान परशुराम के समक्ष दीप प्रज्वलित करवाकर की। तत्पश्चात् बच्चों ने भगवान परशुराम के जीवन परिचय पर विचार रखे और इसके पश्चात् महिलाओं, बालिकाओं एवँ बालकों के लिये विभिन्न कार्यक्रम और प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। जिसमें विचित्र वेशभूषा में 3 से 5 वर्ष की प्रतियोगिता में प्रज्ञा शर्मा ने प्रथम व






साक्षी शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया वहीं 6 से 8 वर्ष के बच्चों की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर तन्जिल शर्मा रहीं व द्वितीय स्थान पर प्रभांशी शर्मा रही। इसी तरह बच्चों के कॉइन गेम्स में प्रथम स्थान पर प्रियांशी शर्मा तो द्वितीय स्थान पर तनिष्का शर्मा रही। इनआऊट गेम्स में प्रथम स्थान पर नव्या शर्मा द्वितीय स्थान पर भूमिका शर्मा और बैलून गेम्स में प्रथम स्थान पर सार्थक शर्मा व द्वितीय स्थान पर प्रत्युक्षा शर्मा एण्ड ग्रुप रहा। आज ब्राह्मण समाज की महिलाओं और बच्चों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई और सभी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया बच्चों की प्रतियोगिताओं के लिए निर्णायक निधि जोशी व अंजलि भार्गव रहीं उक्त कार्यक्रम में हेमलता दूत, प्रीति शर्मा, ममता गील, ज्योति दूत, निशा पाराशर, अनीता गील, अनु डंडायत, ममता शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाओं व बच्चों ने भाग लिया और इस अवसर पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव समिति संयोजक अजय शर्मा, हरीशचंद्र शर्मा, रमेश बंदावला, मनोज शर्मा, रामकिशोर बलेसरा, राजेश बाबा, योगेश पंचौली, दीपक गील, संजय पाराशर, वृतंजय आर्य, संजय भार्गव, भुवनेश शर्मा, मनोज व्यास, त्रिभुवन शर्मा, मोहनलाल भोपलावत, जुगल भेडोल्या, महेश गील, प्रशांत गील, विजय डंडायत,चिरांग सहित ब्राह्मण समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


# निःशुल्क प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिता कार्यक्रम



♦भारत टाइम्स♦

*__चितौड़गढ़(अमित कुमार चेचानी)।__ मेवाड़ एजुकेशन सोसायटी के संस्थापक स्व. बाबूजी श्री भँवर लाल जी गदिया के जन्मशती वर्ष में छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु 15 दिवसीय प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुभारम्भ मेवाड़ गर्ल्स कॉलेज, गांधीनगर, चित्तौड़गढ़ में हुआ। अध्यक्ष गोविन्द लाल गदिया ने बताया कि इस मेवाड़ समर कैम्प में छात्राओं को बेसिक कम्प्यूटर ऑपरेशन, डांस ट्रेनिंग, हॉबी क्लासेज में मेंहदी, रगोंली, ड्राइंग एण्ड पेंटिग, सेल्फ ग्रुमिंग इत्यादि की ट्रेनिंग , विषय विशेषज्ञ द्वारा दी जाएेगी। निदेशक डॉ. एल.एल. शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण के पश्चात छात्राओं की परीक्षा ली जाएेगी व उन्हें पारितोषिक व सर्टिफिकेट भी प्रदान किये जाएेंगे। 12वीं की परीक्षा में प्रविष्ठ या पास छात्राऐं प्रातः 10 बजे से महाविद्यालय आकर व रजिस्ट्रेशन करवाकर इन क्लासेज का लाभ उठा सकती है।*


# रिमझिम अरोड़ा को बीएन विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि



**रिमझिम ने इस असाध्य बीमारी के निदान के लिए कुछ रासायनों की इन सिलिकॉ पद्धति से खोज की हैं**

♦भारत टाइम्स♦

**उदयपुर।** रिमझिम अरोड़ा को बीएन विश्वविद्यालय से अपने शोध पर डॉक्टरेट(पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई है। उनका शोध विषय अल्जाइमर रोग के उपचार के लिए विभिन्न यौगिकों की इन-सिलिको स्क्रीनिंग था। इस शोध को बी.एन. कॉलेज ऑफ फार्मेसी के फार्मेस्युटिक्स प्राध्यापक डॉ. कमल सिंह राठौड़ के मार्गदर्शन में किया। इस अद्वितीय अनुसंधान के परिणामस्वरूप, रिमझिम ने स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में अपने पेपर्स प्रस्तुत किए हैं, जिससे समाज को अल्जाइमर रोग के इलाज की दिशा मिली है। उनकी शोधनिष्ठा और नैतिकता ने उन्हें इस सम्मान से सम्मानित किया है, जिसे लोगों के बीच उनके योगदान की महत्वपूर्णता को बताता है। इस दौरान उन्हें बेस्ट यंग रिसर्चर पुरस्कार के साथ-साथ कई अन्य पुरस्कार भी प्राप्त हुए। अल्जाइमर की बीमारी में मानसिक कार्यकलाप में धीरे-धीरे पतन होता है, जो कि मस्तिष्क के ऊतक का क्षरण बताता है, जिसमें तंत्रिका कोशिकाएं नष्ट होने लगती हैं, बीटा-एमाइलॉइड नामक एक असामान्य प्रोटीन का संचय और न्यूरोफ़ाइब्रिलरी गुत्थियों का विकसित होना शामिल है।अल्जाइमर बीमारी में, मस्तिष्क के हिस्से में खराबी आ जाती हैं, ये तंत्रिका कोशिकाओं को नष्ट कर देती हैं और मस्तिष्क में तंत्रिका कोशिकाओं (न्यूरोट्रांसमीटर) के बीच संकेतों को प्रसारित करने वाले कई रासायनिक संदेशवाहकों की प्रतिक्रिया कम हो



जाती है। एसिटिलकोलिन का स्तर कम हो जाता है, यह एक न्यूरोट्रांसमीटर है जो याददाश्त, सीखने और एकाग्रता में मदद करता है।रिमझिम ने इस असाध्य बीमारी के निदान के लिए कुछ रासायनों की इन सिलिकॉ पद्धति से खोज की हैं जो आशा हैं की इन रोगियों के जीवन में आशा का संचार करेगा।

# मेवाड़ के 50 विद्यार्थी एनजीटी कोर्ट की कार्यवाही देखने पहुंचे



**एनजीटी के जनरल रजिस्ट्रार अरविन्द कुमार ने विद्यार्थियों को पर्यावरण सम्बंधी कानूनों की जानकारी दी। विद्यार्थी जब कोर्ट में पहुंचे तब गुरुग्राम के नगर निगम का केस चल रहा था।**

♦भारत टाइम्स♦

**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ लॉ इंस्टीट्यूट के बीए. एलएलबी तृतीय वर्ष के 50 विद्यार्थियों ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल दिल्ली का शैक्षिक दौरा कर कोर्ट की न्याय प्रणाली देखी और समझी। एनजीटी के जनरल रजिस्ट्रार अरविन्द कुमार ने विद्यार्थियों को पर्यावरण सम्बंधी कानूनों की जानकारी दी। विद्यार्थी जब कोर्ट में पहुंचे तब गुरुग्राम के नगर निगम का केस चल रहा था। दो घंटे तक कोर्ट की कार्रवाई में वकीलों की बहस और जिरह का अनुभव भी विद्यार्थियों को मिला। विद्यार्थियों की टीम का नेतृत्व शिक्षिका अदिति वशिष्ठ और ज्योति वर्मा ने किया। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने बताया कि मेवाड़ के कानून की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को समय-समय पर एनजीटी, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट, एनएचआरसी ले जाया जाता है। इसका मकसद उन्हें सैद्धान्तिक ज्ञान के साथ व्यवहारिक जानकारियां देना होता है। ताकि विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम की पढ़ाई आसानी से समझ आ सके।

# हर्षोल्लास से मनाई सेन जयंती



♦भारत टाइम्स♦

**चित्तौड़गढ़ (अमित कुमार चेचानी)।** जिला सेन जयंती महोत्सव संस्थान द्वारा छन्यात भवन किला रोड़ पर भव्य मनाई गई। जिला प्रवक्ता विष्णु सेन रूद ने बताया कि रविवार को मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष मिट्ठूलाल जाट एवं विधायक चन्द्रभानसिंह आक्या थे। विशिष्ठ अतिथि श्रवण सिंह राव अध्यक्ष कार्यालय प्रवास, प्रदेश जिला महामंत्री रघु शर्मा नगर अध्यक्ष सागर सोनी, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष गोटूलाल सुथार, भोलाराम प्रजापत, चन्द्रशेखर सोनी, शैलेन्द्र झंवर थे। प्रातः 7 बजे श्री सेन जी महाराज की पूजा अर्चना एवं हवन हुआ। 10 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए जिसमें मेहंदी प्रतियोगिता, एकल गान, सामूहिक गान तथा दूल्हा-दुल्हन मेकअप प्रतियोगिता सहित अतिथि अभिनन्दन एवं पारीतोषिक वितरण का कार्यक्रम हुआ। सायं 5 बजे भव्य शोभायात्रा व कलश यात्रा निकाली गई जो मिठाई बाजार, गांधी चौक, सदर बाजार, गोल प्याऊ होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुँची। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बालुराम सेन, जिला सेन जयंती अध्यक्ष दिलीप सेन घटियावली, क्षौर कलाकार अध्यक्ष शिवलाल पीपलवास, राष्ट्रीय नाई महासचिव गोपाल नीलमणी, नाई महासभा जिलाध्यक्ष संतोष सेन, भरत सेन, हजारीलाल सेन, कार्य अध्यक्ष रमेश नीलमणी, उपाध्यक्ष भगवानलाल खटोड़, विष्णु जालमपुरा, महामंत्री सनी नंदकिशोर, बसंतीलाल घटियावली, नारायणी सेना जिला अध्यक्ष नारायण सेन आरनी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम सेन निंबाड़ा वरिष्ठ उपा. भंवरलाल गिलुण्ड, रतनलाल टाक, बक्षीराम नारेला, कालु नारेला, अजयपाल भदेसर, कोषाध्यक्ष गोवर्धन एराल, बसंतीलाल, पवन सेन घटियावली, शंकरलाल रूद, चांदमल रूद, सुरेश रूद, पंकज रूद, शिवलाल रूद, आशुतोष शुभम आदित्य जीवन रुद राघव मंदसौर जगदीश जालमपुरा, सुनील जालमपुरा, मोहन धनेत, सचिव लवकुश सेन, जमनालाल घोसुण्डा, गोवर्धन सेन, किला राजु खटोड़, डेविड खटोड़, पवन खण्डेलवाल, मनोहर, श्रीधर सेन, दिनेश सेन, राशमी, बनवारी नेतावल, राजकुमार, किरोड़ी, छितरमल, मूलचंद किला, बनवारी सेन मनोज सत्यनारायण सेन नेतावल महाराज की रमेश नेतावल गढ़ पाछली, गोवर्धन रठांजना, पप्पु ऐराल, अनिल खेरी, सत्यनारायण सावा, विनोद सेन, निलेश नीलमणी किला, हजारीलाल, विनोद, अशोक, गोपाल गंगवाल निम्बाहेड़ा, गोपाल सियाखेड़ी, कन्हैयालाल, राजेश भावलिया, मुकेश, चुन्नीलाल सावा, संजय, विशाल सावा, मुकेश, सुरेश, पप्पू सतखण्डा, श्यामलाल, पप्पू, शंकरलाल, बद्रीलाल, कैलाश सिन्दवड़ी, भगवानलाल आछोड़ा, गोवर्धन, मुकेश, हजारीलाल, रतन ओडून्द, जगदीश मेड़ीखेड़ा, गोवर्धन, शांतिलाल, कमलेश पांडोली, बद्रीलाल रूद, भेरूलाल नरपत की खेड़ी, कालु, कैलाश धनेत, दिलखुश धनेत, महेश मंदसौर, नंदकिशोर, कालुराम बिजयपुर, शंकरलाल गिलुण्ड, बाबु फाचर, रतन ठिकरिया, रमेश, देवीलाल नेतावल, पवन, अशोक, गिलुण्ड घीसूलाल ठिकरया, उपस्थित रहे। संचालन सतीश सेन, अभिषेक सेन, शम्भू खोर, गोपाल भावलिया, ने किया। पुष्कर सेन, दिनेश सेन, सोनू सेन, अरुण सेन, अशोक सेन, सूरज सेन, उदयलाल सेन कन्नौज, शिवसेन करण सेन किला, सत्यनारायण सेन, मनोज सेन, चंद्रप्रकाश सेन, लोकेश घोसुंडा, राजू सिरोड़ी, कमलेश नगरी, प्रकाश नगरी, गोविंद नगरी, सत्यनारायण जालमपुरा, सत्यनारायण सेमलपुरा, हर्षित खटोड़, कमलेश खटोड़, राधेश्याम खटोड़, नारायण सेन गोरा जी का निंबाड़ा, लच्छू खटोड़ मीठा राम जी का खेड़ा, राजू ताल आगामी सेन जयंती को भी भव्य रूप से मनाये जाने को लेकर भामाशाहों ने बढ़चढ़ कर बोली लगाई।

# परिंदों को पानी पिलाने के लिए 101 परिण्डे लगाए

## युवा रामस्नेही संत कल्याणदास महाराज की पहल

♦भारत टाइम्स♦

*__बोरुंदा।__ रामस्नेही बड़ा रामद्वारा मादलिया के युवा संत कल्याण दास रामस्नेही ने अपने गुरु महंत रामस्वरूप रामस्नेही की प्रेरणा से 101 परिंदों के परिंडे लगाकर सेवा कार्य शुरू किए। रामस्नेही बड़ा रामद्वारा मादलिया के महंत रामस्वरूप महाराज की प्रेरणा से युवा संत कल्याण रामस्नेही 101 परिंदे दर्जन पर युवा ग्रामीणों की मदद से मादलिया गांव के पेड़-पौधों तथा विभिन्न स्थानों पर परिंदों की प्यास बुझाने को लेकर परिंडे लगाएं। इस कार्य में संत कल्याण रामस्नेही, बाल संत पवनदास, पुखाराम खदाव, भारमल खदाव प्रधानाध्यापक, रामकरण खदाव, रामावतार शर्मा, जितेन्द्र दाधीच, बीजाराम खदाव, फौजी सुमेरराम खदाव, राजु सोनी व सुगनाराम माली सहित करीब डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों ने सेवा कार्य करते हुए सहयोग किया। इस सेवा कार्य को संबोधित करते हुए युवा संत कल्याण रामस्नेही ने कहा कि पक्षियों को गर्मियों में अधिक प्यास लगती है पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए विभिन्न पेड़-पौधों व घरों की छत पर गली मौहल्लों में जगह-जगह परिंडे लगाने का आह्वान आम ग्रामीण से भी किया।*



# शिक्षक संघ राष्ट्रीय का महा सदस्यता अभियान हुआ शुरू

♦भारत टाइम्स♦

**ब्यावर/अनिल सिखवाल।** राजस्थान शिक्षक राष्ट्रीय का महा सदस्यता अभियान सोमवार से प्रारंभ हुआ विभाग संगठन मंत्री गुरु शरण गोयल ने बताया कि संगठन का महा सदस्यता अभियान सत्र 2024 -25 के लिए जिसमें संपूर्ण राजस्थान में 2.50000 (ढाई लाख) से ऊपर का लक्ष्य रखा गया है राजकीय पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय ब्यावर में उपशाखा अध्यक्ष मुकेश प्रजापति तथा पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रजापति जिला कोषाध्यक्ष विष्णु दत्त गोयल मसूदा में जिला मंत्री रतन सिंह देवड़ा तथा जैतारण में दिनेश कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष के सानिध्य में प्रारंभ हुआ। विद्यालय के संस्था प्रधान सहित कार्मिकों ने बहुत ही आत्मीयता व जोश के साथ नियमित सदस्यता ग्रहण की। संगठन की सदस्यता पर सभी सदस्य गौरव का अनुभव करते हैं। गोयल ने बताया कि संपूर्ण राजस्थान में सदस्यता अभियान 15 मई तक चलेगा, इसके साथ ही इस वर्ष संगठन के संस्थापक स्वर्गीय जयदेव जी पाठक की जयंती शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। इसके तहत



संगठन का प्रत्येक सदस्य अपने-अपने विद्यालयों में पेड़ लगाकर, छात्र, विद्यालय में हित में विभिन्न परोपकार कार्य कर तथा पर्यावरण में पक्षियों को परिंडे तथा विभिन्न सेवा कार्य किए जाएंगे। जिले की समस्त उप शाखा ब्यावर ,जवाजा, बड़ा खेड़ा, मसूदा ,विजयनगर, बदनोर ,रायपुर ,जैतारण सहित समस्त विद्यालयों में सदस्यता अभियान प्रारंभ हो गया है।

**आवश्यकता**

भारत टाइम्स न्यूज को रिपोर्ट्स और अनुभवी मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है। यदि आप हमसे जुड़ना चाहते है तो अपना बॉयोडाटा हमे ईमेल करे।

Bharattimesnews01@gmail.com

9509745147
9799911545

# सुख सेवा संस्थान के स्थापना दिवस पर विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

**मीडिया प्रभारी अमित कुमार चेचाणी के अनुसार इस रक्तदान शिविर में सामाजिक संस्थाओं सहित आमजन को भी आमन्त्रित किया गया। इस अवसर पर चित्तौड़गढ़ जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने सुख सेवा संस्थान नशा मुक्ति व पुनर्वास केंद्र के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की है**

♦भारत टाइम्स♦

**चितौड़गढ़(अमित कुमार चेचानी)।** सुख सेवा संस्थान नशा मुक्ति व पुनर्वास केंद्र चित्तौड़गढ़ के स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर




दिनांक 6 मई 2024, सोमवार को विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संस्थान अध्यक्ष गफ्फार पठान ने बताया कि रक्तदान शिविर प्रातः 11:00 से सांय 6:30 बजे तक सुख सेवा संस्थान एच 56, फतेह विहार कॉलोनी, रोडवेज बस स्टैंड के पीछे, चित्तौड़गढ़ में आयोजित हुआ। जिसमें 81 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। काउंसलर प्रभात शर्मा ने जानकारी दी कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11:00 बजे मुख्य अतिथि चित्तौड़गढ़ जिला पुलिस कामांडिग ऑफिसर तेज जी पाठक के



द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पाठक ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है और और इसके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। साथ ही संस्थान में उपचारित मरीजों को अपने उद्बोधन में कहा कि देश के युवा नशे से मुक्त रहकर ही समाज और देश का विकास कर सकते हैं इसलिए हमें नशे से हमेशा दूर रहना होगा। जब देश का युवा नशामुक्त होगा तभी भारत का भविष्य उज्जवल होगा। मीडिया प्रभारी अमित कुमार चेचाणी के अनुसार इस रक्तदान शिविर में सामाजिक संस्थाओं सहित आमजन को भी आमन्त्रित किया गया। इस अवसर पर चित्तौड़गढ़ जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने सुख सेवा संस्थान नशा मुक्ति व पुनर्वास केंद्र के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की है और संस्थान को शुभकामनाएं प्रेषित की है। संस्थान द्वारा रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले रक्तदाताओं को चित्तौड़गढ़ जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी द्वारा हस्ताक्षरित रक्त वीर सम्मान पत्र से सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर श्री सांवलिया चिकित्सालय चित्तौड़गढ़ के ब्लड बैंक के पदाधिकारियों ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर रक्तवीर गोपाल विजयवर्गीय व संस्थान के शोएब पठान, कुलदीप सिंह राठौड़, जितेंद्र सिंह तोमर, कन्हैया लाल, विनय, सोनू आदि का सहयोग रहा।

गर्मी के मौसम को देखते हुए आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति की वस्तुस्थिति का लिया जायजा

# जिला कलक्टर ने की सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं की समीक्षा

**लू व मौसमी बीमारी से बचाव एवं रोकथाम के सम्बन्ध में दिए जरूरी दिशा निर्देश**



♦भारत टाइम्स♦

**यादराम वर्मा गंगापुर सिटी।** जिला कलक्टर डॉ. गौरव सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को कलक्ट्रेट में सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं से संबंधित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने गर्मी के मौसम को देखते हुए आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति की वस्तुस्थिति का जायजा लिया वहीं लू व मौसमी बीमारी से बचाव एवं रोकथाम के सम्बन्ध में प्रभारी अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश प्रदान किए इस दौरान जिले में लागू आदर्श आचार संहिता की अनुपालना, कानून व्यवस्था, ई-फाइलिंग प्रणाली क्रियान्वयन, निरीक्षण एवं समीक्षा बैठकों की अनुपालना रिपोर्ट, सम्पर्क पोर्टल एवं जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों के निस्तारण आदि की वर्तमान स्थिति एवं प्रगति की विभागवार समीक्षा भी की गई। जिला कलक्टर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि समस्त प्रभारी अधिकारी स्वयं के कार्यालय एवं अन्य अधीनस्थ विभागीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण करें निरीक्षण के दौरान वे कार्यालयों में समय पर उपस्थिति, ई-फाइल क्रियान्वयन, औसत फाइल निस्तारण समय की प्रभावी मोनिटरिंग करें साथ ही अधिकारियों के राजकीय दौरों, कार्यक्रमों एवं कार्यालयों मे आगंतुकों द्वारा गुलदस्तों अथवा मोमेन्टोस देने की प्रथा को भी शीघ्र अतिशीघ्र बंद करावें वहीं राजकीय कार्यालयों में प्लास्टिक फोल्डर्स के स्थान पर कागज के फोल्डर्स, जिसमें विभाग का नाम छपा हो, का उपयोग प्रारंभ किया जाना सुनिश्चित करें आमजन की समस्याओं एवं परिवादों का समयबद्ध रूप से नियमानुसार आदर्श आचार संहिता के तहत प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए जिला कलक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बी.एल. मीना को गर्मी के मौसम को देखते हुए गर्मी की लहर (लू) से बचाव, रोकथाम एवं उपचार हेतु राजकीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर की गई व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए साथ ही सभी राजकीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपचार हेतु आवश्यक ओ.आर.एस. पैकेट्स, पंखे, कूलर, आइस पेक्स आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये जिससे लू अथवा गर्मी की लहर के कारण जिले में किसी की भी जिंदगी खोनी नहीं पड़े इसके अतिरिक्त बाज़ारों, रेल्वे स्टेशन, एवं बस स्टेंड आदि पर राहगीरों एवं यात्रियों के लिए राजकीय एवं विभिन्न स्वयंसेवी संस्थायों द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे शीतल पेयजल एवं प्याऊ की वस्तुस्थिति की भी जानकारी संबन्धित अधिकारियों से प्राप्त की वहीं रेनबसेरों में भी शीतल पेयजल एवं गर्मी की लहर से बचाव हेतु उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की जानकारी नगर परिषद के सहायक अभियंता तरुण जैन से ली और उचित व्यवस्था आमजन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये इस दौरान जिला कलक्टर ने अभियान स्तर पर गर्मी की लहर (लू) से बचाव, रोकथाम एवं उपचार के प्रति चिकित्साकर्मियों, एएनएम एवं आशा सहयोगिनीओं के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार के माध्यम से आमजन को जागरूक करने के निर्देश सीएमएचओ को दिये मुख्य चिकित्सा एवं स्वस्थ्य अधिकारी ने जिला कलक्टर को मौसमी बीमारियों की रोकथाम से संबन्धित अब किए गए कार्यों से अवगत कराया और आश्वस्त कराया कि उनके विभाग द्वारा किए गए प्रयासों से मौसमी बीमारियों के सम्बंध में स्थिति पूर्ण रूप से नियंत्रण में है जिला कलक्टर ने गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले के शहरी क्षेत्रों में जलापूर्ति को बढ़ाने के निर्देश जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिशासी अभियंता रामकेश मीना को दिये जिससे जिले में किसी भी प्रकार के पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न नहीं हो उन्होंने अधिशासी अभियंता से सप्ताहभर में अब तक किए गए नल कनेक्शनों से संबन्धित जानकारी ली वहीं जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्तमान प्रगति की समीक्षा करते हुए अब तक जारी किए गए कार्यादेशों के तहत संचालित कार्यों की प्रगति का विस्तृत ब्यौरा भी प्राप्त किया एफएसटी के अंतर्गत शत प्रतिशत लक्ष्य को जल्द से जल्द हासिल कर कार्य समापन रिपोर्ट सक्षम स्तर को प्रस्तुत करने के निर्देश दिये वहीं हेंडपम्प मरम्मत अभियान की प्रगति के सम्बंध में भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की इस दौरान जिला कलक्टर ने पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. योगेश शर्मा से जिले में गर्मी को देखते हुए पशु चिकित्सा के सम्बंध सभी स्तरों पर उपलब्ध सुविधाओं का ब्यौरा लिया और पशुओं से संबन्धित मौसमी रोगों के निस्तारण से संबन्धित जरूरी दिशा निर्देश दिये

**आमजन से की अपील:** गर्मी की लहर (लू) को देखते हुए जिला कलक्टर ने आमजन से अपील की कि गर्मी के मौसम को देखते हुए यह अंदेशा लगाया जा रहा है कि इस बार गर्मी की लहर (हीट वेव) का प्रभाव काफी ज्यादा हो सकता है प्रशासन की ओर से यह अपील करना चाहूँगा कि आप लोग कोशिश करें कि जो गर्मी का सीजन है उसमें आप सभी खुद की सेहत का भी ध्यान रखें साथ ही अपने परिवार के सदस्यों की सेहत का भी ध्यान रखें ज्यादा से ज्यादा पानी और तरल पदार्थ लें अगर आप धूप में कहीं निकल रहें हैं तो कोशिश करें कि पानी की बोतल साथ रखें जो भी कपड़े पहन रहें हैं हल्के रंग के सूती कपड़े पहन कर निकलें इसके अलावा आपके पास यदि कोई पालतू पशु है उसके लिए छाया और पानी का पुख्ता इंतेजाम रखें साथ ही अपने बच्चों, बुजुर्गों एवं परिवार के सदस्यों को भी जितना हो सके धूप में जाने से बचाएं और नियमित अंतराल से पानी एवं शीतल पेयजल आदि पिलाते रहें अगर इस दौरान स्वास्थ्य से संबन्धित आपको कोई भी समस्या आए तो तुरन्त अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर उचित उपचार करावें इस दौरान जिला कलक्टर ने समस्त विभागों के प्रभारी अधिकारियों को उनके विभाग के अन्तर्गत संचालित आवश्यक सेवाओं से संबधित विकास एवं मरम्मत के कार्यों, बजट घोषणाओं से संबंधित चल रहे निर्माण कार्यों, ई-फाइलिंग प्रणाली क्रियान्वयन एवं विभागीय योजनायों में निर्धारित लक्ष्य को आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए तय समयावधि में नियमानुसार पूर्ण करवाया जाना सुनिश्चित करने के आदेश दिये। वहीं 181, संपर्क पोर्टल एवं जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा उन्होंने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ता रूप सिंह गुर्जर को विद्युत की सुचारू आपूर्ति के लिए जरूरी उपकरणों की कार्यशीलता एवं सुरक्षा को नियमित निगरानी के माध्यम से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। वहीं शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति, कृषि विद्युत कनेक्शन, निःशुल्क बिजली योजना आदि की समीक्षा कर विस्तृत चर्चा की गई बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर रवि वर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे

# सम्बाड़िया में पांच दिवसीय बरसी महोत्सव जारी



**धर्म सभा को आधा दर्जन संतों ने सम्बोधित किया**

♦भारत टाइम्स♦

**बोरुंदा। सोहनलाल वैष्णव।** निकटवर्ती संबाड़िया गांव स्थित रामदास महाराज का टांका दादूद्वारा में सोमवार को राम धाम खेजड़ाजी के संत पांचाराम महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीव व परमात्मा के बीच एक अज्ञान रूपी पर्दा होता है जिसे गुरु के ज्ञान रूपी दर्पण दिखा कर उसे अज्ञानता से ज्ञान की प्राप्ति, अंधकार से प्रकाश की ओर, बुराई से सच्चाई की ओर, धर्म से धर्म की ओर, पीड़ा से सुख की ओर ले जाने का ज्ञान दिया जाता है। मानव को ईश्वर की आस्था की प्रति जोड़कर संसार रूपी सागर से नया पर कर कर मोक्ष की प्राप्ति की ओर ले लाया जाता है। नीमाज के संत माधवदास महाराज ने कहा कि ईश्वर ने हमें मानव जीवन अच्छे कार्यों के लिए दिया है। बड़ा रामद्वारा मादलिया के महंत रामस्वरूप महाराज, युवा संत कल्याण दास रामस्नेही व बाल संत पवनदास ने भी भक्ति भजनों के माध्यम से बरसी महोत्सव को संबोधित किया। वहीं मंगलवार को भोलाराम जी महाराज की देवी धाम के संत रमैया दास महाराज, प्रगठ धाम देवरी के संत अमृतदास महाराज का प्रवचन होगा। इस दौरान भंवरलाल भाकल, गिरधारी राम प्रजापत, सोहनराम देवासी, होमाराम, बाबूलाल भाकल, दोलाराम भाकल, किशनाराम, चेनाराम, डांवर राम प्रजापत सहित कई लोग मौजूद रहे।

# समाजसेवी हरीश वर्मा राजस्थान गौरव अलंकरण से सम्मानित





♦भारत टाइम्स♦

**बगड़ीनगर। रमेश भट्ट।** प्रतिष्ठित समाचारपत्र समूह नवभारत टाइम्स की ओर से बगड़ीनगर निवासी एवं पूणे (महाराष्ट्र) प्रवासी समाजसेवी हरीश वर्मा को सम्मानित किया गया।समाचारपत्र समूह की ओर से वर्मा को सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राजस्थान गौरव अलंकरण से नवाजा गया। सम्मान ग्रहण करते हुए समाजसेवी हरीश वर्मा ने कहा कि वे इस सम्मान को राजस्थानी प्रवासी बंधुओं व पूणे जिला मैढ क्षत्रीय सोनार समाज को समर्पित करते हैं क्योंकि इनके सहयोग से ही उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने का मौका मिला हैं। इस अवसर पर नवभारत समूह के राव सर,प्रवीण मसाला ग्रुप के उद्यमी विशाल चौरड़िया,कृष्णकांत गोयल,सुरेश धर्मावत, मगराज राठी व सुनील गहलोत सहित कई गणमान्यजन व प्रवासी राजस्थानी मौजूद थे। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें इंडियन ऑइडल खेताखान सहित कई अन्य कलाकारों ने भी शानदार प्रस्तुति देकर सभी को अभिभूत कर दिया। यह उल्लेखनीय हैं कि हरीश वर्मा पूणे जिला मैढ क्षत्रीय सोनार समाज व श्री नृसिंह गोपाल गौशाला संचालन समिति ,बगड़ीनगर सहित अन्य कई सामाजिक संगठनों से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं तथा धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में रचनात्मक योगदान दे रहे हैं। उनको सम्मानित किए जाने पर सरपंच भूंडाराम चौधरी, उप सरपंच कमलेश लोहार, हिंदू सेवा मंडल अध्यक्ष शंकरलाल मेवाड़ा, गुरु मिश्री रुप रजत परमार्थ सेवा समिति के अध्यक्ष जेठमल वैष्णव, वरिष्ठ नागरिक समिति के अध्यक्ष पूरणदत चारण,ग्राम विकास समिति के संयोजक श्याम एम जोशी, अणुव्रत समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पोकरना, समाजसेवी किशनलाल सोनी, सुरेशकुमार दवे , दैदीप्य व्यास, कैलाश सोनी, रमेश भट्ट व महेंद्र मेवाड़ा सहित ग्रामवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी हैं।

# मॉडल स्कूल मे इंटर हाउस खेल सप्ताह प्रतियोगिताओं का उद्घाटन समारोह हुआ आयोजित



**कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत सत्कार से की गई**

♦भारत टाइम्स♦

**देवगढ़। विद्याधर वैष्णव।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल देवगढ़ मे इंटर हाउस खेल सप्ताह प्रतियोगिताओं का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य कैलाश सिंह चौहान द्वारा की गई जिसमें मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष शोभा लाल रेगर वह प्रदीप सिंह चौहान थे विशिष्ट अतिथि नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र जी सेठिया थे कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत सत्कार से की गई जिसमें प्रधानाचार्य द्वारा अतिथियों को पाग व उपरना पहनकर उनका स्वागत किया गया तत्पश्चात विद्यालय के चारों हाउस क्रमशः वेदांत हाउस प्रभारी द्व शंकर लाल रेगर व हाउस लीडर गोविन्द माली परमहंस हाउस प्रभारीद्व राजवीर प्रसाद बुनकर हाउस लीडर चन्द्र पाल सिंह विवेकानंद हाउस प्रभारी कृष्ण पाल सिह हाउस लीडर कल्याण सिंह बल्ला और नरेंद्र हाउस प्रभारीद्व दीपक कुमार उपाध्याय हाउस लीडर श्याम छापरवाल द्वारा मार्च पास किया गया और मुख्य अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण कर इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई इस कार्यक्रम में कार्यक्रम प्रभारी गौतम कुमार वैष्णव वह सह प्रभारी चंद्रशेखर वैष्णव द्वारा कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा बताई गई इस कार्यक्रम में बास्केटबॉल, हैंडबॉल ,कबड्डी, खोखो जैवलिन थ्रो, शतरंज, टेबल टेनिस जैसे विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा कार्यक्रम की शुरुआत बास्केटबॉल के उद्घाटन मैच जो वेदांत हाउस व नरेंद्र था उसके बीच में हुआ जिसमें वेदांत विजेता रहा संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन राजवीर प्रसाद बुनकर ने किया।



# कर्नल रजनीश जोशी ने किया नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज, रजबपुर में एनसीसी का निरीक्षण

♦भारत टाइम्स♦

*__अमरोहा।__ दिन सोमवार को 33 यूपी बटालियन एनसीसी अमरोहा के कमान अधिकारी कर्नल रजनीश जोशी ने नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज, रजबपुर में एनसीसी का निरीक्षण किया । कर्नल रजनीश जोशी ने निरीक्षण के दौरान एनसीसी कैडेट्स की करियर काउंसलिंग की और अन्य छात्रों को एनसीसी लेने के लिए प्रेरित किया। कर्नल रजनीश जोशी के नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज, रजबपुर में पहुंचने पर एनसीसी कैडेट्स ने उनका स्वागत किया उसके बाद संपूर्ण निरीक्षण कार्य एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट अंजना बाल्यान के द्वारा कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, सूबेदार मेजर मुदस्सर शफीक, ध्यान सिंह एवं समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।*

# श्री मद भागवत महापुराण कथा

## भागवत का अर्थ है भगवान का हो जाना

♦भारत टाइम्स♦

**देवगढ़। विद्याधर वैष्णव ।** परम पूज्य पुष्कर दास जी महाराज द्वारा देवगढ़ आमेट रोड पर रेलवे फाटक के पास कुंदन पैलेस में महाराज के मुखारविंद से सप्त दिवसीय श्री मद भागवत महापुराण कथा तत्वबोध का श्रवण अपने अनूठे अंदाज में धर्म प्रेमी सज्जनों को कराया जा रहा है राजा परीक्षित को सुखदेव मुनि जी ने सात दिन में भागवत महापुराण की कथा श्रवण करवाई मृत्यु तो शाश्वत सत्य है भागवत कथा मुक्ति का मार्ग है मानव को सावधान रहना चाहिए बचपन में मां की जरूरत है जवानी में महात्मा की आवश्यकता है और वृद्धावस्था में परमात्मा की आवश्यकता है किंतु मानव इन बातों से अनभिज्ञ है आध्यात्मिक दौलत गफलत में लुटाए जा रही है गुरु ज्ञान का दीपक हृदय में दिन-रात जलाना पड़ता है दस्तुरे मोहब्बत बस है यही हस्ती को मिटाना पड़ता है ईश्वर अंश जीव अविनाशी चेतन अमल सहज सुख राशि जीव ईश्वर का अंश है फिर भी दुखी है इसका मूल कारण मनुष्य स्वयं माया में बंधा हुआ है मैं और मेरा यही माया है भागवत का अर्थ भगवान का हो जाना है जितने भी भक्त हुए हैं वह सभी भगवान के हो गए भागवत महापुराण कथा के मुख्य यजमान श्री लाल कंसारा शांता बहन कंसारा एवं समस्त परिजनों ने व्यास पीठ का अभिनंदन किया




पोथी पूजन किया इस अवसर पर नगर के सेकड़ो धर्म प्रेमी सज्जन माताएं बहनें उपस्थित रही।इस दौरान इंद्रमल कंसारा मगराज जोधपुर नेमीचंद आमेट नारायण लाल नंदकिशोर आमेट पंडित वेद प्रकाश जोशी शांतिलाल सोलंकी जगदीश ईश्वर लाल प्रकाश चंपालाल रमेश कंसारा कमल लीला एवं जोधपुर भीनमाल बिलाड़ा पाली मारवाड़ से अनेक धर्म प्रेमी सज्जन कथा श्रवण कर रहे हैं दिनांक 13 मई 24 तक प्रतिदिन 3 से 6 बजे तक कथा का आयोजन किया जा रहा है अधिक से अधिक पधार कर कथा का लाभ उठावें।

# हेलो समर वाटरमेलन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन , बच्चे बने वाटरमेलन, प्रतिभागियों को किया सम्मानित

♦भारत टाइम्स♦

**आमेट।** उपखंड मुख्यालय स्थित स्मार्ट मोंटेसरी स्कूल में सह शैक्षणिक गतिविधियों के अंतर्गत हेलो समर वाटरमेलन डे एक्टिविटी और प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्था की कोऑर्डिनेटर पूजा पालीवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में स्मार्ट प्ले ग्रुप से स्मार्ट सीनियर केजी तक के बच्चों ने हिस्सा लिया । स्मार्ट सीनियर केजी के बच्चों के लिए वाटरमेलन बनो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार की तरबूज की आकृतियों को पहनकर अपनी प्रतिभा को दर्शाया जिसका सभी बच्चों ने बहुत आनंद लिया । कोऑर्डिनेटर पूजा पालीवाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि तरबूज अपने आप में एक तरह से हमारे शरीर में पानी की कमी को पूरा करता है । इसके उपयोग के लिए बड़े-बड़े चिकित्सक भी सलाह देते हैं । आज वाटरमेलन से विभिन्न प्रकार की वस्तुएं तैयार हो रही है जैसे




आइसक्रीम शेक जूस आदि । संस्था की डिंपल वसीटा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि गर्मियों में आने वाला यह फल सभी के लिए सेहतमंद और फायदेमंद है । तरबूज बाहर से कठोर होने के बाद भी अंदर से एकदम नरम होता है । हम सभी को गर्मियों में इसका अत्यधिक मात्रा में उपयोग करना चाहिए जिससे हमारे शरीर में पानी की कमी ना हो । बच्चों ने तरबूज खाने का भी लुफ्त उठाया । इसके पश्चात संस्था की प्रियंका मेवाड़ा ने बच्चों को विभिन्न प्रकार के गीतों पर झूमने पर मजबूर कर दिया । जिसका सभी ने आनंद लिया । प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय आने वालों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर और साथ ही समस्त प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ मौजूद रहा ।

# हीट वेव को लेकर सर्तक और सजग रहे स्वास्थ्य कार्यकर्ता - डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल सीएमएचओ आमेट में आयोजित हुई ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक

**घर - घर संपर्क के दौरान लोगो को शिशु, बच्चो, गर्भवती महिलाओ और वृद्धो को दोपहर की तेज धूप में घर से बाहर नही जाने की सलाह देने के लिये निर्देशित किया। उन्होंने मौसमी बीमारियो मलेरिया, डेंगू पर नियंत्रण के लिये चिकित्सा संस्थानो पर एन्टीलार्वल गतिविधियों हेतु आवश्यक संसाधन टेमीफोस, बीटीआई, एमएलओ, गम्बूसीया की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए प्रति रविवार आयोजित किये जा रहे ड्राई डे की सहभागिता के साथ प्रभावी तरीके से आयोजित करने के लिये निर्देशित किये।**



♦भारत टाइम्स♦

**राजसमंद। विद्याधर वैष्णव ।** सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने ब्लॉक स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए सभी चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ को गर्मी के मौसम के मध्येनजर हीट वेव को लेकर सर्तक रहने और सजगता बरतने के लिये निर्देशित किया। उन्होंने कहा की उपचार के लिये आवश्यक दवाईया, चिकित्सकीय उपकरणो की उपलब्धता सुनिश्चित करें तथा आशा सहयोगिनीयों के माध्यम से आमजन में हीट वेव से बचाव के उपायो का प्रसार करें। उन्होंने ब्लॉक स्थित सभी चिकित्सा संस्थानो के प्रभारीयो से संस्थान में हीट वेव एवं मौसमी बीमारियों को लेकर बैड की स्थिती, वार्ड में पंखे, कुलर की पर्याप्त व्यवस्था, संस्थान पर शुद्ध शीतल पेयजल, सभी एम्बूलेंस में आईस पैक की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने आशा सहयोगिनीयों के माध्यम से घर - घर संपर्क के दौरान लोगो को शिशु, बच्चो, गर्भवती महिलाओ और वृद्धो को दोपहर की तेज धूप में घर से बाहर नही जाने की सलाह देने के लिये निर्देशित किया। उन्होंने मौसमी बीमारियो मलेरिया, डेंगू पर नियंत्रण के लिये चिकित्सा संस्थानो पर एन्टीलार्वल गतिविधियों हेतु आवश्यक संसाधन टेमीफोस, बीटीआई, एमएलओ, गम्बूसीया की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए प्रति रविवार आयोजित किये जा रहे ड्राई डे की सहभागिता के साथ प्रभावी तरीके से आयोजित करने के लिये निर्देशित किये। उन्होंने परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत पुरूष सहभागिता पर विशेष जोर दिया तथा दिये गये लक्ष्यो को जल्दी प्राप्त करने के लिये निर्देशित किया। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुरेश मीणा ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के तहत नियमित टीकाकरण एवं प्रसव पूर्व जांच एवं संस्थागत प्रसव को लेकर विस्तार समीक्षा तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में डिप्टी सीएमएचओ हेल्थ डॉ राजेन्द्र कुमार ने मौसमी बीमारियों से सम्बन्धित रिपोर्ट प्रतिदिन देने एवं एन्टीलार्वल गतिविधियों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से सम्पादित करने के लिये निर्देशित किया। समीक्षा बैठक में खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सरीन कुमार, खंड कार्यक्रम अधिकारी एनएचएम सरीता जैन, सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारी एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# श्री मिश्री शत्रुंजय यात्रा संघ ने दिव्यांगजनों को कराई तीर्थ यात्रा



♦भारत टाइम्स♦

**बेंगलुरु/भूपेश कश्यप।** श्री मिश्री शत्रुंजय यात्रा संघ बेंगलुरु द्वारा शारीरिक रूप से अक्षम दिव्यांगजनों, केंसर जैसे असाध्य रोग से पीड़ित व आर्थिक रूप से कमजोर जिन्होंने आज तक जैन महातीर्थो के दर्शन नहीं किये उन्हें श्री शत्रुंजय यात्रा संघ द्वारा तीर्थ यात्रा करवाकर समाज में एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। यात्रा संघ परिवार के प्रमुख सिद्धार्थ सुंदेशामुथा ने बताया कि समाज के दिव्यांगजनों, आर्थिक कमजोर जनों, केंसर जैसे असाध्य रोग से पीड़ितों को एवं जिन्होंने आज तक जैन महातीर्थो की यात्रा नहीं की उन्हें संघ द्वारा जैन महातीर्थो की यात्रा करवाई गयी जिसमें सम्मेत शिखर, पावापुरी, राजगीर, रंजु बालिका, क्षत्रिय कुंड, लछुपाड, कुंडलपुर आदि अनेक जैन महातीर्थो की सफल यात्रा करवाई गई। इस अड़तालीस वें आठ दिवसीय यात्रा संघ के सफल संपादन पर संघ द्वारा रविवार को वी.वी.पुरम स्थित वृद्धाश्रम में अन्नदान किया गया। वहीं गौरव शर्मा ने बताया कि संघ ने जे.पी.नगर स्थित सूर्य मंदिर में दर्शन कर सरजापुर रोड़ स्थित माध्यम गौशाला में गौ माता की सेवा पूजा कर संघ सदस्यों ने धर्मलाभ लिया। अंत मे रविवार सायं सुशीलधाम में स्नेह मिलन का आयोजन कर वहां पूजा-अर्चना कर सभी का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर कमलाबाई, चंद्रप्रकाश सुंदेशामुथा, ऋषभ जैन, तेजराज बोहरा, मुकेश गोगक, चेतन जैन, हितेश जैन, डॉ. हंसराज, ललित खांटेड, निर्मल कोठारी, महेंद्र जैन, धीरज सहित कई लोग उपस्थित थे।

# घोसी : प्रदर्शन, दोहराने व "साख" बचाने के बीच कायम है "दंगे का खौफ"

कभी पूर्वांचल का मैनचेस्टर कहा जाने वाला मऊ में न बुनकरों की बदहाली की चर्चा है, न बदहाल साड़ी कारोबार की कोई जिक्र। मुद्दा है तो सिर्फ और सिर्फ जाति। हर रणबांकुरा अपने तरीके से जीत का ताना-बाना जाति समीकरण की उधेड़बुन में सिर खफा रहा है। जाति के विजयरथ पर कौन सवार होगा, ये तो 4 जून को पता चलेगा। लेकिन बड़ी चुनौती भाजपा के सामने प्रदर्शन दोहराने की है, तो सपा व बसपा को अपनी साख बचाने की। इससे इतर मऊ के बनवारी यादव कहते हैं, 2005 का खूनी खौफनाक मंजर आज भी उनकी आंखों के सामने मंडरा रहा है, जिस वक्त मुख्तार अंसारी ने अपने वाहन से उतरकर खुली पिस्टल लेकर पैदल ही उन्हें दौड़ा लिया था। ये तो भगवान का शुक्र है मैं एक दुकान में घुस गया और वो आगे बढ़ गए। वो दिन याद आते ही आज भी उनके बदन में सिहरन पैदा करती है। जबकि उन्हीं के बगल में खड़े मंजूर इलाही का कहना है गड़े मुर्दे उखाड़ने का कोई मतलब नहीं, असल समस्या कारोबार का है, जो पहले की तुलना में केवल 10 फीसदी ही रह गया है। मऊ में 70 प्रतिशत बुनकरों के पास उनके नाम का राशन कार्ड ही नहीं है। एक अरसे वो चाहते है कि बुनकर कार्ड और बैंक पासबुक के आधार पर मासिक राशन जारी किया जाए, लेकिन कोई सुनता ही नहीं फिरहाल, तमसा नदी के किनारे यह इलाका खुद में रामायण और महाभारत काल की सांस्कृतिक और पुरातात्विक अवशेष को भी समेटे हुए है। मुगल सम्राट जहांगीर काल की बिनकारी मऊ के रग-रग में इस कदर समायी हुई कि तमाम जिल्लतों व परेशानियों के बावजूद आज भी इस परंपरा को लोग जिंदा रखे हुए है। हाल यह है कि मऊ और बिनकारी एक दूसरे के पर्यायवाची बन चुके हैं। या यूं कहे बिनकारी इस क्षेत्र की आबोहवा में बहती है और अब यह कला मऊ की संस्कृति का हिस्सा बन चुकी है। लेकिन बुरे दौर से गुजर रहे साड़ी कारोबारियों की दास्तान, बुनकरों का दर्द व बंद हो चुके स्वदेशी कॉटन और कताई मिल का फिक्र किसी को भी नहीं। यह अलग बात है कि बर्बाद होते बुनकरों की टूटती उम्मीद पर सियासत खूब चमकी। कल्पनाथ राय व्यक्तिगत छवि के दम पर दो बार कांग्रेस एक बार निर्दल और एक बार समता पार्टी से लोकसभा सांसद हुए। उनके बाद यहां की राजनीति में विकास की जगह जाति और धर्म ने ले ली, जिसके बाद, सपा व बसपा जैसी पार्टियां बाहुबलि मुख्तार अंसारी की छत्रछाया में खूब फली-फूली। उसके रुतबे का खौफ उसके मिट्टी में दफन होने के बावजूद आज भी लोगो के जेहन में है। खासकर मऊ की एकता पर उस वक्त काली छाया का दर्दनाक छाप पड़ा जब 2005 में मऊ दंगे में मुख्तार की मौजूदगी ने कहर बरपाया। खुली जिप्सी में लहराते हुए फोटो आज भी पूरे देश में वायरल है। बता दें, मऊ भीषण दंगे में कुल 17 लोगों की जान गई थी। पूरा शहर जली हुई दुकानों के चलते मरघट सा दिख रहा था। 35 दिनों तक पूरा शहर कर्फ्यू की जद में रहा। पुलिस प्रशासन से हालात न संभले तो केंद्र सरकार ने हस्तक्षेप किया और अंत तक बीएसएफ और आरएएफ को भेजा गया तब जाकर हालात किसी तरह नियंत्रण में आएं। इस क्षेत्र में आज भी लोग कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे दिवंगत कल्पनाथ राय को विकास के लिए याद करते है। हालांकि उनकी मृत्यु के बाद इस सीट पर कांग्रेस को कभी जीत नसीब नहीं हुई. पूर्वांचल की राजनीति के बड़े नेता रहे कल्पनाथ राय के प्रयासों के कारण ही मऊ को जिले का दर्जा मिला था. घोसी लोकसभा सीट पर कड़ा और रोमांचक मुकाबला होने की प्रबल संभावना है. हालांकि लोकसभा चुनाव 2019 में यहां से बसपा उम्मीदवार अतुलराय ने जीत दर्ज की थी। बता दें, बुनकरों की कारगरी के लिए मशहूर घोसी का सियासी भूगोल मऊ जिले की चार विधानसभा सीटों मऊ, घोसी, मोहम्मदाबाद-गोहना, मधुबन और बलिया जिले की रसड़ा सीट मिलाकर बुना हुआ है। पूर्वांचल की एकाध सीटों को छोड़ दिया जाय तो जातीय गणित पर ही यहां चुनावी केमिस्ट्री सधती है। पिछले दो दशक से नतीजे जातियों की गोलबंदी पर ही तय हो रहे हैं। इस बार भी लोकसभा चुनाव में पक्ष-विपक्ष ने जातीय शतरंज पर ही अपने मोहरे उतारे हैं। 2014 में जीत का स्वाद चखने वाली भाजपा नहीं चाहती कि वो यहां से हारे, जबकि उससे मुकाबले के लिये सपा कांग्रेस यानी इंडी का गठबंधन है। देखा जाएं तो 2014 में मोदी लहर में यह सीट भाजपा के पाले में गई थी। 2019 में बसपा के खाते में चली गयी। इस बार गठबंधन के तहत यह सीट सुभासपा के पाले में है। सुभासपा के अध्यक्ष और योगी सरकार में मंत्री ओमप्रकाश राजभर के बेटे अरविंद राजभर गठबंधन के प्रत्याशी हैं। राजभर के लिए यह साख और अस्तित्व की लड़ाई है। पिछले साल हुए घोसी विस सीट के उपचुनाव में राजभर और सपा से फिर भाजपा में आए दारा सिंह चौहान ने पूरी ताकत लगाई थी। लेकिन, दारा को हार का मुंह देखना पड़ा और सपा के सुधाकर सिंह जीत गए। 2017 में मऊ विधानसभा में 88 हजार से अधिक वोट पाने वाले महेंद्र राजभर सुभासपा का साथ छोड़ सपा के खेमे में हैं। इससे भी चुनौती बढ़ गई है। जबकि सपा ने इस बार राजीव राय को उम्मीदवार बनाया है। 2014 में उन्हें यहां 1.66 लाख वोट मिले थे। बसपा ने बालकृष्ण चौहान को मैदान में उतारा है। वह इस सीट से बसपा से ही जीत चुके है। ऐसे में इस बार की लड़ाई त्रिकोणीय है। मुख्तार अंसारी की मौत को भी सियासी मुद्दा बना दिया गया है। मऊ व घोसी विधानसभा में मुख्तार परिवार का असर है। मऊ से बेटा अब्बास अंसारी विधायक है। 2017 में अब्बास ने घोसी से चुनाव लड़ 81 हजार से अधिक वोट हासिल किए थे। मुख्तार को श्रद्धांजलि देने अखिलेश यादव घर तक गए थे। इसलिए, सपा इसे मुस्लिम वोटों की गोलबंदी के अवसर के तौर पर देख रही है। बसपा ने पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान को उम्मीदवार बनाकर पिछड़े वोटों में बंटवारे की राह खोल सुभासपा का संकट और बढ़ा दिया है। हालांकि, राजभर बिरादरी के यहां प्रभावी वोट हैं। सुभासपा ने 2009 में यहां बिना किसी बड़ी राजनीतिक पहचान के उम्मीदवारी कर 58 हजार से अधिक वोट हासिल किए थे। हाल में बिच्छेलाल राजभर को एमएलसी बनाकर ओम प्रकाश राजभर ने यह समीकरण और दुरुस्त किया है। भाजपा की भी राजनीतिक जमीन मजबूत है। मुख्तार के मुद्दे पर प्रतिक्रियात्मक ध्रुवीकरण की संभावनाएं भी खुली हैं। ओमप्रकाश राजभर का दावा है कि बेहतर सामाजिक समीकरणों और पूर्वांचल में किए गए विकास कार्यों के कारण उसे इस बार यहां से जीत मिलेगी। **चुनावी मुद्दे-** बेरोजगारी, बन्द पडी कताई व काटन मिल को चालू कराना, व्यापार में दशको से बाधा बनी जिले के बीच बाल निकेतन रेलवे क्रासिंग पर अन्डर ब्रिज या ओवरब्रिज। जिले में आईआईटी या उच्च शिक्षण संस्थान। युवाओ का पलायन रोकना, जनपद में रोजगार का सृजन करना। बुनकरों को सहूलियते देना। जनपद से लम्बी दूरी की ट्रेनो का संचालन प्रमुख चुनावी मुद्दे है। राजकरन कहते है कल्पनाथ राय के निधन के बाद से विकास कार्यों का टोटा लगा हुआ है और यहां पर बंद पड़े दो कताई मील धूल चाट रही हैं। मतदाताओं का कहना है कि यहां उच्च शिक्षा संस्थानों का अभाव है। बाहरी प्रतिनिधित्व के कारण विकास के मामले में मऊ उपेक्षा का शिकार है। वर्तमान सांसद अतुल राय का पूरा 5 वर्ष का कार्यकाल जेल में ही बीत गया। इस बार स्थानीय प्रतिनिधित्व भी एक अहम मुद्दा है। बुनकरों के लिए अपना माल बेचने के लिए कोई बाजार नहीं। देवांचल में बारिश के मौसम में बाढ़ का कहर और गर्मी के मौसम में आग का तांडव मधुबन विधानसभा के ग्रामीणों को झेलना पड़ता है। **जातीय समीकरण-** घोसी लोकसभा सीट पर दलित वोटर सबसे अधिक हैं। इसके बाद मुस्लिम और फिर यादव और अन्य जातियों का नम्बर आता है। 2011 की जनगणना के मुताबिक यहां दलित 4 लाख 50 हजार, वैश्य 77 हजार, विश्वकर्मा 35 हजार 500, मुस्लिम 2 लाख 42 हजार, राजपूत 68 हजार, भूमिहार 35 हजार, यादव 1 लाख 75 हजार, ब्राम्हण 58 हजार, प्रजापति 29 हजार, चौहान 1 लाख 45 हजार, मौर्या 39 हजार 500, राजभर 1 लाख 25 हजार व निषाद 37 हजार के अलावा बाकी अन्य जातियां है।

फिरहाल, तमसा नदी के किनारे यह इलाका खुद में रामायण और महाभारत काल की सांस्कृतिक और पुरातात्विक अवशेष को भी समेटे हुए है। मुगल सम्राट जहांगीर काल की बिनकारी मऊ के रग-रग में इस कदर समायी हुई।



# गुजरात में 30 साल में कभी बीजेपी से ज्यादा सीटें नहीं जीत पाई कांग्रेस




लोकसभा चुनाव 2024 में गुजरात में बीजेपी के लडिए सभी सीटों पर जीता का रकॉर्ड कायम रखने की चुनौती होगी, जबकी कांग्रेस को खाता खोलने के ल?िए मेहनत करनी पड़ेगी। प्रियंका और राहुल गांधी। जब नरेंद्र मोदी गुजरात के सीएम या देश के पीएम नहीं थे तब भी गुजरात में लोकसभा चुनाव में बीजेपी हमेशा कांग्रेस पर भारी रही है। 1989 से हर लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने कांग्रेस से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल की है। 2004 से 2014 तक जब केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार थी, तब भी बीजेपी ने कांग्रेस से ज्यादा सीटें अपनी झोली में डाली थीं। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने गुजरात की सभी 26 सीटों पर जीत दर्ज की थी। यही नहीं, 2019 में तो गुजरात की 26 में से 18 सीटों पर बीजेपी के उम्मीदवार ढाई लाख से ज्यादा मतों के मार्जिन से जीते थे। लोकसभा चुनाव 2019 में 224 सीटों पर इखढ को म?िले थे 50 फीसदी से ज?्यादा वोट, इस बार समीकरण बदले तो क?्या होगा असर? मंगलवार (9 अप्रैल, 2024) को बालाघाट में चुनावी रैली को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। इस बार बीजेपी ने गुजरात में हर सीट पर 5 लाख से ज्यादा वोटों से जीत हासिल करने का टारगेट रखा है। वैसे, एक सीट तो वह ब?िना चुनाव के ही जीत चुकी है। हाल ही में सूरत की लोकसभा सीट काफी चर्चा में रही थी जहां से बीजेपी के उम्मीदवार को निर्विरोध जीत मिली थी क्योंकि कांग्रेस के उम्मीदवार का नामांकन रद्द हो गया था। लोकसभा चुनाव 2019 में गुजरात की 15 सीटें ऐसी थीं, जहां बीजेपी को 60 प्रतिशत से ज्यादा वोट मीले थे। 5 सीटें ऐसी थीं, जहां पर बीजेपी ने चार लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की गांधीनगर सीट पर बीजेपी को 69.7%, वडोदरा में रंजनाबेन भट्ट को 72.3%, सूरत में केंद्रीय मंत्री दर्शना जरदोश को 74.5% और नवसारी सीट पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल को 74.4% मत हासिल हुए थे। गुजरात के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का वोट प्रतिशत। 1998 से लगातार जीत रही बीजेपी बीजेपी गुजरात में 1998 से लगातार विधानसभा का चुनाव जीत रही है और 2022 के विधानसभा चुनाव में उसने रिकॉर्ड जीत हासिल की थी। 182 सीटों वाली विधानसभा में उसने 156 सीटें जीती थी जबकि कांग्रेस सिर्फ 17 सीटों पर आकर रुक गयी थी। 2017 के विधानसभा चुनाव के मुकाबले कांग्रेस का यह बेहद खराब प्रदर्शन था क्योंकि तब कांग्रेस ने 77 सीटें जीती थी। बीजेपी का कांग्रेस के खिलाफ जीत का औसत आंकड़ा 20% के आसपास है लेकिन गुजरात में यह 30% है। कांग्रेस को थ्योरी से उम्मीद राजकोट सीट से बीजेपी के उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला के बयान पर विवाद होने के बाद कांग्रेस को उम्मीद है कि उसे ङ्ख्रत्रू्रू थ्योरी से फायदा मिलेगा। यहां बताना जरूरी होगा कि कांग्रेस के दिग्गज नेता माधव सिंह सोलंकी ने क्षत्रिय, हरिजन, आदिवासी और मुस्लिम समुदाय को जोड़कर ङ्ख्रत्रू्रू फामूर्ले को तैयार किया था। इसकी बदौलत ही कांग्रेस ने बीजेपी को लंबे वक्त तक सत्ता से बाहर रखा था। पुरुषोत्तम रुपाला के बयान से नाराजगी के बाद कांग्रेस को उम्मीद है कि क्षत्रिय मतदाता उसकी ओर आएंगे।

# संपादकीय

## डेयरियों में मिलावट का कारोबार और पशुओं को दवा देकर दूध का क्रूर उत्पादन

कभी-कभार दूध में मिलावट करने वालों के खिलाफ तो सख्ती होती देखी जाती है, मगर पशुओं को हानिकारक दवाएं देकर दूध में जो जहर घोला जा रहा है, उस पर अभी तक गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस संबंध में कड़ाई दिखाते हुए उचित ही संबंधित महकमों को सतर्क रहने को कहा है। पशुओं के साथ क्रूरता पर हाईकोर्ट ने भी कड़ी प्रतिक्रिया दी है। जैसे-जैसे कृषि व्यवस्था यंत्र आधारित होती गई है, पशुपालन का मकसद शुद्ध रूप से व्यावसायिक होता गया है। दुग्ध उत्पादन एक बड़े कारोबार का रूप ले चुका है। खासकर शहरों में दूध और दुग्ध उत्पाद की लगातार बढ़ती मांग के मद्देनजर दुधारू पशुओं के पालन और दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित किया जाता है। हालांकि देश के ज्यादातर राज्यों ने सहकारी दुग्ध समितियां गठित कर दी हैं, कई कंपनियां भी थैली का दूध और दुग्ध उत्पाद बेचती हैं। मगर बहुत सारे लोग शुद्धता के आग्रहवश अपने मुहल्ले की डेयरी या दूधिया से दूध लेना बेहतर समझते हैं। दवा से हार्मोस तो बढ़ जाता है, लेकिन पशुओं की सेहत बिगड़ जाती है इस तरह के दूध का कारोबार करने वालों के बारे में लंबे समय से मिलावट करने का तथ्य उजागर है। यहां तक कि नकली दूध का कारोबार भी चलता है। मगर अधिक से अधिक दूध उत्पादन की चाह में जिस तरह गाय-भैंसों और अन्य दुधारू पशुओं को दवा देकर उनका हार्मोन बढ़ाया जाता है, वह एक अलग त्रासद पक्ष है। दवा देकर हार्मोन बढ़ाने से पशुओं में दूध की मात्रा तो बढ़ जाती है, मगर उनकी सेहत पर पड़ने वाला प्रतिकूल प्रभाव उनके लिए भयावह होता है। ऐसे पशु जब दूध देना बंद कर देते हैं, तो उन्हें अनेक तकलीफदेह बीमारियां घेर लेती हैं। अदालत ने आक्सीटोसिन उत्पादन-वितरण के स्रोत पता लगाने को कहा है पशुओं को दवा देकर उनका हार्मोन बढ़ाने और अधिक से अधिक दूध खींचने को दिल्ली उच्च न्यायालय ने पशु क्रूरता माना है। अदालत ने अधिकारियों को आदेश दिया है कि वे राजधानी की डेयरियों में हार्मोन पैदा करने के लिए आक्सीटोसिन नामक दवा के उपयोग का पता लगाएं और ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करें। अदालत ने खुफिया विभाग से आक्सीटोसिन के उत्पादन और वितरण के स्रोतों की पहचान करने को भी कहा है। छिपी बात नहीं है कि शहरों में चलाई जाने वाली डेयरियों में दुधारू पशुओं को एक संसाधन की तरह रखा जाता है। सड़ा चावल, लकड़ी का बुरादा, केमिकलङ्ग जहरीले मसाले बनाने वाले रैकेट का खुलासा, तीन गिरफ्तार बहुत सारी डेयरियों में तो पशुओं के बैठने, घूमने-फिरने तक की पर्याप्त जगह नहीं होती। उनकी साफ-सफाई का भी उचित ध्यान नहीं दिया जाता। इसलिए अदालत ने यह भी कहा है कि डेयरियों में उचित जल निकासी, पशुओं के घूमने के लिए पर्याप्त खुली जगह, बायोगैस संयंत्र आदि सुनिश्चित कराए जाने चाहिए। डेयरियों को चरागाह वाले क्षेत्रों में स्थानांतरित कराया जाना चाहिए। मगर दिल्ली जैसे महानगरों में ऐसी जगहें कहां उपलब्ध हो पाएंगी, देखने की बात है। जो डेयरी वाले इलाके थे, अब ज्यादातर में सघन रिहाइशी भवन खड़े हो गए हैं। कैसे करें असली और नकली पनीर की पहचान? पशुओं का नैसर्गिक जीवन छीन लेना और फिर दवा देकर उन्हें अधिक दूध उत्पादन को उत्तेजित करना निस्संदेह पशु क्रूरता अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है।

# आस्था...

## भाग्यशाली लोगों के हाथ पर होते हैं ये शुभ चिह्न, बनते हैं अकूत धन- संपत्ति के मालिक, लग्जरी जीते हैं लाइफ

हस्तरेखा शास्त्र अनुसार यदि किसी जातक की हथेली पर मछली का चिह्न हो तो वह बहुत ही शुभ माना जाता है। अगर आपके हाथ में हैं ये लकी निशान तो जल्द हो सकते हैं मालामाल- हस्तरेखा शास्त्र में व्यक्ति के हाथ में मौजूद चिह्न और रेखाओं के आधार पर विश्लेषण उसके भविष्य और वर्तमान का आकलन किया जाता है। साथ ही हाथ में कुछ ऐसी रेखाएं और योग होते हैं जो व्यक्ति को भाग्यशाली बनाते हैं। साथ ही ये रेखाएं और चिह्न व्यक्ति को सारे भौतिक सुख प्रदान करते हैं। वहीं व्यक्ति अकूत धन- संपत्ति का मालिक बनता है। आइए जानते हैं इन योगों के बारे में 14 मई से चमकेगी इन 3 राशि वालों की किस्मत, ग्रहों के राजा सूर्य करेंगे वृष राशि में प्रवेश त्रिशूल का निशान हथेली में त्रिशूल का निशान बेहद शुभ माना जाता है। वहीं किसी व्यक्ति के हाथ पर हृदय रेखा के सिरे पर गुरु पर्वत के पास त्रिशूल का निशान हो ऐसा व्यक्ति धनवान होता है। साथ ही समाज में मान- सम्मान और प्रतिष्ठा पाता है। वहीं ऐसे व्यक्ति को सरकारी क्षेत्र में लाभ और उच्च पद प्राप्त होता है। साथ ही ऐसे लोग बिजनेस में भी अच्छा नाम कमाते हैं। ये लोग कम उम्र में ही धनवान बन जाते हैं। गुरु बृहस्पति ने किया वृष राशि में गोचर, 2025 तक इन राशियों की धन- दौलत में होगी अपार बढ़ोतरी, चमकेगा करियर और कारोबार कमाते हैं खूब धन और शोहरत हस्तरेखा शास्त्र अनुसार हाथ में मछली का निशान भी बेहद शुभ माना जाता है। ऐसे व्यक्ति भाग्यशाली होते हैं। साथ ही हथेली पर यह निशान लंबी आयु का भी प्रतीक माना जाता है। ऐसे लोग अपने जीवन में काफी नाम कमाते हैं और उच?च पद प्राप?त करते हैं। वहीं ये लोग लग्जरी लाइफ जीना पसंद करते हैं। साथ ही इनको सभी भौतिक सुखों की प्राप्ति होती है। धनवान और दूरदर्शी होते हैं यदि किसी व्यक्ति की हथेली में घोड़े की आकृति या स्तंभ जैसा चिह्न हो तो ऐसा व्यक्ति राजाओं जैसी जिंदगी जीता है। साथ ही ये लोग प्रशासनिक अधिकारी बनते हैं। वहीं ये लोग परिश्रमी और दूरदर्शी होते हैं। वहीं ये लोग घूमने- फिरने के शौकीन होते हैं। साथ ही ये लोग खेल के क्षेत्र में भी खूब नाम कमाते हैं। ये लोग समाज में अपनी अलग पहचान बनाते हैं। मां लक्ष्मी की रहती है सदा कृपा हस्तरेखा शास्त्र अनुसार हाथ में धनुष, चक्र, माला, वज्र या चतुष्कोण का निशान बेहद शुभ माना जाता है। ऐसे लोगों पर मां लक्ष्मी की सदा कृपा बनी रहती है।

# आज का राशिफल

### मेष: चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।

**मेष:**आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। सरकारी क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों के लिए आज आपको कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है। विद्यार्थियों को अपनी शिक्षा में कमजोर विषयों पर पकड़ बनाकर रखनी होगी, तभी वह लाभ कमा सकेंगे। पारिवारिक रिश्तों में यदि कुछ तनाव चल रहे थे, तो उनमे आज सुधार होगा। आप आप अपने मन की किसी बात को अपने पिताजी से बताएंगे और उसका समाधान भी आपको अवश्य मिलेगा। अविवाहित जातकों के लिए बेहतर अवसर आ सकते हैं।

### वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।

**वृषभ:** आज का दिन नौकरी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे जातकों के लिए बेहतर रहेगा, क्योंकि उन्हें आज कोई शुभ सूचना सुनने को मिलेगी। छोटे व्यापारियों को आज मन मुताबिक लाभ कमाने का मौका मिलेगा, जिसे उन्हें पहचान कर उन पर अमल करना होगा। आज आपकी वाणी से प्रभावित होकर लोग आपसे मित्रता रखने की चेष्टा रखेंगे। नवविवाहित जातकों को आज कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है, उनके जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। आप अपनी संतान से अपने मन की कुछ इच्छाओं को जाहिर करेंगे, जो उन्हें पूरी करते नजर आएंगे।

### मिथुन: क, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा ।

**मिथुन:**आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए उत्तम रहने वाला है, क्योंकि वह कुछ आयोजनों का हिस्सा बनेंगे और जिनसे उन्हें लाभ भी होगा। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग में आ रही समस्याएं समाप्त होंगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई निराशाजनक समाचार सुनने को मिल सकता है। यदि आप जीवनसाथी को कोई नया कार्य कराने की सोच रहे हैं, तो उसके लिए आज दिन बेहतर रहने वाला है। सायंकाल के समय आप किसी धार्मिक आयोजन में भी सम्मिलित होंगे। आपको अकस्मात किसी विपरीत समाचार को सुनकर आज यात्रा पर जाना पड़ेगस।

### कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।

**कर्क:**आज आपको किसी भी निर्णय को भावुकता में लेने से बचना होगा। यदि आपने ऐसा किया, तो वह निर्णय बाद में आपके लिए कोई परेशानी खड़ी कर सकता है। यदि आपका कोई संपत्ति संबंधित विवाद लंबे समय से चल रहा था, तो आज उसमें फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। राजनीति से जुड़े जातकों के लिए आज दिन उत्तम रहेगा, क्योंकि उन्हें कुछ नेताओं से मिलने का मौका मिलेगा। परिवार के सदस्यों से दूर नौकरी में कार्यरत लोगों को आज अपने परिवार के सदस्यों की याद सता सकती है, जिसके कारण वह उनसे मिलने भी आ सकते हैं।

### सिंह: मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।

**सिंह:** आज का दिन आपके लिए कुछ परेशानियों भरा रहेगा। आपके परिवार में आज किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम पर भी चर्चा हो सकती है, जो लोग अपने धन को इन्वेस्ट करने के लिए सोच रहे हैं, उन्हें किसी वरिष्ठ सदस्य से सलाह मशवरा करना बेहतर रहेगा। यदि आपने साझेदारी में किसी व्यापार को किया हुआ है, तो आपको उसमें भरपूर लाभ मिलने की संभावना बनती दिख रही है, लेकिन आपको किसी से भी धन का लेनदेन करने से पहले सावधानी बरतनी होगी। नौकरी में कार्यरत लोगों को अपने अधिकारियों से बातचीत करते समय सावधान रहना होगा।

### कन्या: टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।

**कन्या:**आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बेहतर रहेगा, क्योंकि उनको आज अपनी शिक्षा में आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, लेकिन बिजनेस कर रहे लोगों को आज अपने शत्रुओं से सावधान रहना होगा और किसी भी कार्य को सावधान होकर करना होगा। आपके जीवनसाथी के स्वास्थ्य में कोई गिरावट आ रही थी, तो आज उसमें अच्छे बदलाव देखने को मिल सकते हैं, जिसके कारण आप प्रसन्न रहेंगे। आप अपनी संतान के संगति को लेकर थोड़ा चिंतित रहेंगे और उनके बढ़ते हुए खर्चों पर भी लगाम लगा सकते हैं।

### तुला: रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।

**तुला:**आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको अपने किसी परेशान मित्र की मदद के लिए कुछ रुपयों का इंतजाम करना पड़ सकता है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई प्रसन्नता दायक समाचार सुनने को मिल सकता है, जो लोग प्रेम जीवन जी रहे हैं, यदि उन्होंने अभी तक अपने साथी से अपने प्रेम का इजहार नहीं किया है, तो वह आज कर सकते हैं। सायंकाल के समय यदि आपका किसी आस-पड़ोस में कोई वाद विवाद पर हो, तो आपको उसमें बचना बेहतर रहेगा। आप अपने परिवार के वरिष्ठ सदस्यों से अपने मन की कुछ बातों को साझा करेंगे।

### वृश्चिक: तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।

**वृश्चिक:**आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहेगा। यदि आप किसी भूमि, वाहन आदि खरीदने का विचार लंबे समय से बन रहा था, तो आपका वह सपना पूरा होगा और इसमें आपको घर वालों से भी तुरंत मंजूरी मिल सकती है। विद्यार्थियों को अपनी शिक्षा में आ रही समस्याओं के लिए अपने गुरुजनों से सलाह मशवरा करना पड़ेगा, तभी वह सफलता हासिल कर सकेंगे। आपको अपने धन को किसी को भी उधार देने से बचना होगा, नहीं तो वह आपके रिश्तों में दरार पैदा करा सकता है। यदि माताजी को स्वास्थ्य में कुछ परेशानी आ रही थी।

### धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।

**धनु:** आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने पारिवारिक जीवन में भाई बहनों के साथ अपने चल रहे संबंधों को भी सुधारेंगे और एक दूसरे की मदद के लिए आगे आएंगे। आपको आज कुछ सरकारी क्षेत्रों से भी लाभ मिलता दिख रहा है। जीवनसाथी को आप कहीं घुमाने फिराने लेकर जा सकते हैं। आप अपने लिए भी कुछ खरीदारी कर सकते हैं। सरकारी नौकरी से जुड़े जातकों को महिला सहकर्मियों से बातचीत करते समय अपने शब्दों को तोल मोलकर बोलना बेहतर रहेगा, नहीं तो कोई विवाद खड़ा हो सकता है।

### मकर: भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।

**मकर:** आज का दिन आपकी इच्छाओं की पूर्ति का दिन रहेगा। आप अपने मन की इच्छाओं को लेकर अपने परिवार के लोगों से विचार-विमर्श कर सकते हैं, लेकिन जो लोग अपने धीमी गति से चल रहे व्यवसाय को लेकर परेशान है, उन्हे किसी वरिष्ट सदस्य से सलाह मशवरा करना बेहतर रहेगा। आपका कोई पैतृक संपत्ति संबंधित विवाद सुलझ जाएगा, जिसमें फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। यदि ससुराल पक्ष के सदस्यों में कोई आपसी वाद विवाद हो, तो आपको उसमें दोनों पक्षों की सुनकर फैसला लेना ही बेहतर रहेगा।

### कुंभ: गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।

**कुंभ:** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अपने कुछ घर के जरूरी कामों को निपटाने में व्यस्त रहेंगे, जिनके कारण आप अपने कार्य क्षेत्र की ओर पूरा फोकस नहीं कर पाएंगे, लेकिन आपको अपने किसी पार्टनर पर भरोसा करने से पहले सावधान रहना होगा, नहीं तो वह आपका कोई नुकसान करा सकता है। यदि आपको कोई स्वास्थ्य संबंधित समस्या हो, तो उसमें डॉक्टरी परामर्श अवश्य लें, नहीं तो बाद में वह किसी बड़ी बीमारी का रूप ले सकता है। यदि आपकी माताजी से आपका कोई वैचारिक मतभेद चल रहा था, तो आज वह भी समाप्त होगा।

### मीन: दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।

**मीन:** आज का दिन आपके लिए सुखद परिणाम लेकर आएगा। आपके चारों ओर का वातावरण खुशमय रहेगा, जिसे देखकर आप प्रसन्न रहेंगे और सुबह से ही आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलती रहेगी। यदि संतान ने किसी परीक्षा का एग्जाम दिया था, तो उसका परिणाम आ सकता है, लेकिन आप अपने बढ़ते हुए खर्चों के लिए यदि बजट प्लान करके चलेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा, नहीं तो बाद में आपको परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आप अपने पिताजी से सलाह मशवरा करके अपनी कुछ समस्याओं को समाप्त करेंगे।



# साइबर सेफ्टी की फील्ड में ब्राइट करियर है एथिकल हैकिंग

**हैकर शब्द सुनते ही हम थोड़ा डर जाते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि कई कंपनीज हैकर्स को हायर करती हैं हैकर्स की मदद से कंपनीज सिस्टम के लूपहोल्स जानने की कोशिश करती हैं ताकि मेलिशियस एलिमेंट्स से डाटा बचाया जा सके। कंपनीज के लिए यह काम करने वाले कहलाते हैं, एथिकल हैकर्स। साइबर सेफ्टी की फील्ड में एथिकल हैकिंग आज एक ब्राइट करियर है।**

आज टेक्नोलॉजी जितनी तेजी से बढ़ रही है, इंटरनेट पर साइबर क्राइम भी उतनी ही तेजी से बढ़ रहा है। इमेल एकाउंट हैक करना, सेंसिटिव डाटा चोरी करना, फर्जी मेल्स के जरिए पर्सनल डीटेल्स जानना, पासवर्ड्स डिटेक्ट करना कुछ ऐसे क्राइम्स हैं, जो हैकर्स आसानी से करते हैं. हालांकि इनके पीछे सिस्टम में मौजूद लूपहोल्स भी बड़ा कारण हैं। कंपनियां इन्हीं लूपहोल्स को डिटेक्ट करने के लिए हैकर्स की मदद लेती हैं, जिन्हें कहते हैं, एथिकल हैकर्स। आज एथिकल हैंकिंग एक फुल-फ्लेज्ड करियर बन चुका है।

## क्या है एथिकल हैकिंग?

एथिकल हैकर कंप्यूटर एक्सपर्ट्स का नेटवर्क होता है, जो आईटी सिस्टम में मौजूद लूपहोल्स को ढूंढते हैं और उन्हें दूर करते हैं ताकि सिस्टम सेफ रहे और मेलिशियस हैकर्स इसे हैक न कर पाएं। इसे पेनिट्रेशन हैकिंग भी कहा जाता है। इस काम को करने वाले प्रोफेशनल्स टेक्निकली काफी स्किल्ड होते हैं।

## कौन से कोर्सेज हैं जरूरी?

इस फील्ड में करियर बनाने के लिए कंप्यूटर साइंस में ग्रेजुएट होना या कंप्यूटर इंजीनियरिंग की डिग्री होना जरूरी है। इसके अलावा आपको सी, सी++, पायथन, रूबी जैसी प्रोग्रामिंग लैंग्वेजेस की जानकारी होनी चाहिए ।आप सर्टिफिकेट कोर्स इन साइबर लॉ, एमएससी इन साइबर फॉरेन्सिक्स एंड इन्फॉर्मेशन सेक्योरिटी, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन साइबर लॉ, एडवांस डिप्लोमा इन एथिकल हैकिंग, सर्टिफिकेट इन इन्फॉर्मेशन सेक्योरिटी एंड एथिकल हैकिंग, सर्टिफाइड इन्फॉर्मेशन सिस्टम सेक्योरिटी प्रोफेशनल जैसे कोर्सेज कर सकते हैं।

## कैसी होनी चाहिए स्किल्स?

एक अच्छा एथिकल हैकर वही बन सकता है, जो कंप्यूटर सेवी और गैजेट फ्रेंडली हो। आपमें एनालिटिकल थिंकिंग और डेडिकेशन जैसी क्वॉलिटीज होनी चाहिए, साथ ही इनिशिएटिव लेने और प्रॉब्लम सॉल्व करने की एबिलिटी भी होनी चाहिए। नए चेंजेस एडैप्ट करना और खुद को अपडेट करते रहना भी जरूरी है। इसके अलावा सॉफ्टवेयर और सिस्टम को टेस्ट करते समय अचानक आने वाले ट्रबलशूट्स को डील करने की क्वॉलिटी भी आपमें होनी चाहिए।



# इवेंट मैनेजमेंट में बनाएं अपना कॅरियर

**इवेंट मैनेजमेंट सबसे अधिक लाभदायक कॅरियर के रूप में सामने आया है। आयोजन और आयोजन करने वाली कंपनियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इवेंट मैनेजमेंट में कॅरियर बनाने की इच्छा रखने वाले उम्मीदवार इस क्षेत्र में नौकरी के अवसर तलाश कर सकते हैं।**

इवेंट मैनेजमेंट का अर्थ विशेष रूप से कार्यक्रमों, त्योहारों, संगोष्ठियों आदि जैसे कार्यक्रमों के डिजाइन और संचालन के लिए परियोजना प्रबंधन कौशल को लागू करना है। आज आईपीएल, साहित्य उत्सव, ओलंपिक या राष्ट्रमंडल खेलों सहित सभी प्रमुख आयोजनों का प्रबंधन इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों द्वारा ही किया जाता है। मार्केट रिपोर्ट्स के मुताबिक इवेंट मैनेजमेंट इंडस्ट्री बहुत तेजी से बढ़ रही है। इवेंट मैनेजमेंट में एमबीए उन युवाओं के लिए कई अवसर खोलेगा जो एक्शन, विविधता, चुनौती और बाहरी काम के शौकीन हैं। इवेंट मैनेजमेंट सबसे अधिक लाभदायक कॅरियर के रूप में सामने आया है। आयोजन और आयोजन करने वाली कंपनियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इवेंट मैनेजमेंट में कॅरियर बनाने की इच्छा रखने वाले उम्मीदवार इस क्षेत्र में नौकरी के अवसर तलाश कर सकते हैं। इवेंट मैनेजमेंट को कई विश्वविद्यालयों में पेश किए जाने वाले जनसंचार का एक हिस्सा माना जाता है। इसलिए उम्मीदवार यूजी और पीजी स्तर पर इवेंट मैनेजमेंट कोर्स कर सकते हैं। इवेंट मैनेजमेंट खुदरा और विपणन क्षेत्र में बढ़ते रुझान के कारण तेजी से एक हॉट कैरियर विकल्प के रूप में पकड़ रहा है, जिसमें शामिल है –

- लक्षित दर्शकों के लिए एक कार्यक्रम आयोजित करना
- विजुअलाइज़िंग कॉन्सेप्ट्स
- योजना
- बजट
- निष्पादन की घटनाएं
- फैशन शो, संगीत कार्यक्रम, सेमिनार, प्रदर्शनियों, शादियों, थीम वाली पार्टियों, उत्पाद लॉन्च आदि पर काम करना।

## इवेंट मैनेजमेंट में कॅरियर कैसे शुरू करें?

इवेंट मैनेजमेंट में अपना कॅरियर शुरू करने के लिए उम्मीदवारों को इस क्षेत्र में एक विशेष डिग्री हासिल करनी चाहिए। प्रत्येक विश्वविद्यालय के लिए प्रवेश प्रक्रिया अलग-अलग होती है। उम्मीदवारों को उस पाठ्यक्रम की तलाश करनी चाहिए जिसका वे अध्ययन करना चाहते हैं और प्रवेश के लिए आवेदन करने के लिए पात्रता की जांच करें। इवेंट मैनेजमेंट में अधिकांश एंट्री-लेवल जॉब्स इवेंट मैनेजमेंट में स्नातक की डिग्री या डिप्लोमा करके किया जा सकता है। हालांकि मेगा इवेंट आयोजित करने वाली बड़ी कंपनियों में प्रबंधकीय पदों या नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए उम्मीदवारों को प्रतिष्ठित संस्थानों से एमबीए या पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की आवश्यकता होगी।

## इवेंट मैनेजमेंट के लिए पात्रता मानदंड

उत्कृष्ट जनसंपर्क और नेटवर्किंग कौशल वाले स्नातक इस क्षेत्र का विकल्प चुन सकते हैं। हालांकि एक प्रतिष्ठित फर्म या कंपनी में इवेंट मैनेजर बनने के लिए अच्छे जनसंपर्क कौशल के साथ एमबीए की डिग्री होनी चाहिए। मार्केटिंग में अपने मास्टर के साथ जनसंपर्क में डिग्री होने से इस पेशे में एक अतिरिक्त लाभ होगा।

## इवेंट मैनेजमेंट के लिए स्किल्स और एट्रीब्यूट्स

एक इवेंट मैनेजर के पास अच्छा संचार कौशल होना चाहिए, चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए आश्वस्त होना चाहिए और किसी स्थिति को समझने और ठीक से प्रतिक्रिया करने की क्षमता होनी चाहिए। उसके पास रचनात्मकता और संगठनात्मक कौशल होना चाहिए। टीम भावना और नेतृत्व कौशल अन्य पूर्वापेक्षाएँ हैं। उन्हें घटना के हर मिनट के विवरण को भी देखना होगा।

## जॉब प्रोफाइल

इवेंट मैनेजमेंट प्रबंधन के नवीनतम क्षेत्रों में से एक है और लोकप्रियता प्राप्त कर रहा है। हालांकि इस क्षेत्र को अक्सर जनसंपर्क उद्योग की एक शाखा माना जाता है, यह बाजार का विस्तार कर रहा है और बहुत सारे रोजगार पैदा कर रहा है। विज्ञापन, पीआर और कॉरपोरेट कम्युनिकेशन कोर्स करने के बाद उम्मीदवार इवेंट मैनेजमेंट में भी अपना करियर बना सकते हैं। इवेंट मैनेजमेंट इंडस्ट्री में ढेरों नौकरियां उपलब्ध हैं। मौजूदा वैश्विक आर्थिक मंदी के बावजूद, इवेंट मैनेजमेंट उद्योग लगातार तेजी से फल-फूल रहा है। बहुत सारे आयोजन होते हैं – शादियों, जन्मदिन पार्टियों और रियलिटी शो, फैशन और सांस्कृतिक शो पूरे देश में हो रहे हैं, जिससे कार्यक्रम योजनाकारों की मांग पैदा हो रही है। इवेंट मैनेजमेंट इंडस्ट्री में उपलब्ध जॉब प्रोफाइल इस प्रकार है –

- **वेडिंग प्लानर** – ऐसे जॉब प्रोफाइल में शादी के आयोजन से संबंधित हर मिनट के विवरण पर ध्यान देने की आवश्यकता होती है। एक वेडिंग प्लानर अपने ग्राहकों को विभिन्न विवाह समारोहों की योजना बनाने में मदद करता है।
- **स्टेज डेकोरेटर** – स्टेज डेकोरेटर इवेंट के लिए स्टेज लेआउट डिजाइन करने के लिए जिम्मेदार होता है। स्टेज डेकोरेटर की जिम्मेदारी में मंच पर प्रॉप्स को व्यवस्थित करना और रखना और मंच को आयोजन स्थल के अन्य सजावटी तत्वों के बीच खड़ा करना शामिल है।
- **रसद प्रबंधक** – रसद प्रबंधक घटना के लिए आवश्यक उपकरण, मेहमानों और अन्य चीजों के परिवहन के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार होता है।
- **प्रदर्शनी आयोजक** – एक प्रदर्शनी आयोजक की नौकरी की रूपरेखा एक कार्यक्रम योजनाकार की तरह होती है। प्राथमिक अंतर यह है कि एक प्रदर्शनी आयोजक योजना बनाता है और साथ ही मेलों और प्रदर्शनियों को निष्पादित करता है।
- **इवेंट प्लानर** – इवेंट प्लानर किसी इवेंट के सभी विवरणों की योजना बनाने के लिए जिम्मेदार होते हैं। घटना एक सम्मेलन, कॉर्पोरेट घटना या शादी हो सकती है। एक इवेंट प्लानर थीम, लॉजिस्टिक्स से लेकर बजट तक इवेंट के लिए एक योजना बनाता है।
- **इवेंट मैनेजर** – इस जॉब प्रोफाइल में प्रत्येक इवेंट के पहलू के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार होता है। एक इवेंट मैनेजर का काम किसी घटना को बिना किसी परेशानी के अवधारणा बनाना, योजना बनाना, व्यवस्थित करना और निष्पादित करना है।

## इवेंट मैनेजमेंट में करियर के अवसर

इवेंट मैनेजमेंट के क्षेत्र में पारिश्रमिक उम्मीदवार की नौकरी की भूमिका और जिम्मेदारी पर निर्भर करता है। इसके अलावा, संगठन का आकार, ग्राहकों की प्रोफाइल, पेशेवर का अनुभव और फर्म का स्थान जैसे कारक भी उम्मीदवार का वेतन तय करते हैं। हालांकि इवेंट मैनेजमेंट में एक फ्रेशर 10,000 रुपये से 15,000 रुपये प्रति माह के बीच मासिक वेतन की उम्मीद कर सकता है। अनुभव और विशेषज्ञता के क्षेत्र के साथ सैलरी बढ़ती है। एक कुशल फीलांसर या एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के मालिक के रूप में काम करके काफी पैसा कमाया जा सकता है। एक बार जब कोई इवेंट मैनेजर इस क्षेत्र में अनुभव प्राप्त कर लेता है तो वह अपने क्लाइंट के आधार पर 50,000 रुपये से 1 लाख रुपये या उससे अधिक की फीस की उम्मीद कर सकता है।



# ऑनलाइन किचन बिजनेस की करें शुरूआत होगा मोटा मुनाफा

वर्तमान समय में मार्केट में कई सारे ऑनलाइन फूड डिलीवरी पार्टनर जैसे जोमेटो, फूड पांडा, उबर और स्विगी आदि फूड डिलीवरी एप हैं। इन एप के मदद से आप घर का बना हुआ खाना सेल कर सकती हैं। आइए जानते हैं कि आप किचन का ये बिजनेस कैसे शुरू कर सकते हैं। कहते हैं कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता है। जिस काम से आपका और आपके परिवार का खर्च निकल जाए, तो वह काम सबसे अच्छे होता है। आज के दौर में सबका जॉब पाना सबसे थोड़ा मुश्किल काम है। ऐसे में लोग खुद का स्टार्टअप खड़ा करने की सोच रहे हैं। ऐसे में अगर आप भी कम लागत के साथ अपना बिजनेस शुरू करना चाहते हैं तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। आज के समय में एक नहीं कई ऐसे ऑनलाइन बिजनेस हैं। जिनको आप घर बैठे-बैठे आसानी से चला सकते हैं।

आज हम आपके लिए एक ऐसे ही होम बेस्ड बिजनेस आइडिया लेकर आए हैं। आप इस काम को घर बैठे कम से कम लागत के साथ शुरू कर सकते हैं। वहीं महिलाएं इस काम को शुरू करके अच्छा खासा मुनाफा भी कमा सकती हैं। आपको बता दें कि आप घर से ऑनलाइन किचन ब?जिनेस की शुरआत कर सकते हैं। इस बिजनेस में आपको अपने किचन में बने खाने को बेचना होगा। किचन खाने को बेचने के लिए आपको उसे पैककर ऑनलाइन फूड डिलीवरी एप के जरिए लोगों तक पहुंचाना होगा। वर्तमान समय में मार्केट में कई सारे ऑनलाइन फूड डिलीवरी पार्टनर जैसे जोमेटो, फूड पांडा, उबर और स्विगी आदि फूड डिलीवरी एप हैं। इन एप के मदद से आप घर का बना हुआ खाना सेल कर सकती हैं। आपका जो मैन्यू होगा उसी के हिसाब से आपके पास ऑर्डर आएगा। तो आइए जानते हैं कि आप किचन का ये बिजनेस कैसे शुरू कर सकते हैं।

## कैसे शुरू करें बिजनेस

सबसे पहले इस बिजनेस को शुरू करने के लिए अपना किचन तैयार करें। फिर उस किचन रेस्टोरेंट का नाम तय कर लें। अब आपको FSSAI से फूड लाइसेंस लेना होगा। इसके लिए आपको ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके बाद फूड डिलीवरी पार्टनर जैसे जोमेटो, उबर, स्विगी और फूड पांडा आदि से अपने किचन रेस्टोरेंट को रजिस्टर करवा लें। फिर आपके यहां फूड डिलीवरी पार्टनर का एग्जीक्यूटिव विजिट करेगा। सब कुछ सही पाए जाने पर आपको अप्रूवल मिल जाएगा। जिसके बाद आपको ऑनलाइन ऑर्डर मिलने शुरू हो जाएंगे

## ऐसे काम करेगा बिजनेस

बता दें कि जैसे ही आपको मोबाइल पर कोई ऑर्डर आता है, तो आप उस ऑर्डर के फूड को पैक कर दें। फूड पैकिंग के लिए आप किसी ऑनलाइन वेबसाइट से या मार्केट से जरूरी सामान खरीद सकते हैं। खाने का ऑर्डर लेने के लिए आपके पास डिलीवरी बॉय आएगा। डिलीवरी बॉय आपके ऑर्डर लेकर उस कस्टमर को देगा, जिसने खाना ऑर्डर किया था। इसके साथ ही फूड डिलीवरी एप और आपके बीच जो खाने के रेट को लेकर करार हुआ होगा। उसी हिसाब से वीकली आपके अकाउंट में पैसा आएगा।

## हर दिन होगी इतनी कमाई

किचन रेस्टोरेंट की शुरूआत में हो सकता है कि आपको कम ऑर्डर मिले। लेकिन अगर आपके किचन से रोजाना 29 ऑर्डर मिले और आप हर ऑर्डर पर 50 रुपए की बचत करते हैं, तो हर दिन 1000 रुपए आपके पक्के होंगे। इस तरह के काम में किसी भी दिन छुट्टी नहीं होती है। ऐसे में आप महीने में कम से कम 30000 रुपए तक कमा सकते हैं। हांलाकि अगर आप चाहें तो शाम का समय भी फूड सर्विस के लिए चुन सकते हैं।



# डेटा साइंटिस्ट फील्ड में बनाएं कॅरियर, मिलेगी जबरदस्त ग्रोथ

**डेटा साइंस शब्द से अक्सर आप रूबरू होते होंगे। जाहिर सी बात है लोगों के दिमाग में डेटा साइंस को लेकर कई सवाल भी रहते होंगे। वहीं कुछ लोग इन सवालों का जवाब पाने के लिए इंटरनेट का सहारा भी लेते हैं। अगर आप भी डेटा साइंट के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी हासिल करना चाहते हैं तो फिर यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि इस आर्टिकल के जरिए हम आपको डेटा साइंस से जुड़े सभी सवालों के जवाब देने की कोशिश करेंगे।**

आपको बता दें कि जैसे-जैसे देश-दुनिया में डेटा का महत्व बढ़ रहा है। उसी तेजी के साथ डेटा साइंटिस्ट, डेटा एनालिटिक्स जैसे जॉब के अवसर भी सामने आ रहे हैं। बता दें कि बताया जा रहा है कि आने वाले 10-15 सालों में इस कोर्स का स्कोप काफी ज्यादा होगा। इस सेक्टर में नौकरियों की भरमार होने वाली है। ऐसे में अगर आपको लैपटॉप और कंप्यूटर की अच्छी खासी जानकारी है। तो डेटा साइंस से जुड़ा कोई भी कोर्स आपके लिए है। इस फील्ड में आप अपना शानदार कॅरियर बना सकते हैं।

## BTech- Data Science

यह का कोर्स चार साल का होता है। इसे आप रेगुलर मोड में भी किया जा सकता है। इस कोर्स में स्टूडेंट्स को डेटा से जुड़े टूल्स और टेक्निक्स सिखाये जाते हैं। जिसकी मदद से डेटा का इस्तेमाल किया जा सकता है। इस कोर्स में यह भी बताया जाता है कि उस डेटा को कैसे काम में लाया जाता है। साथ ही इंजीनियरिंग फिजिक्स से लेकर अलग-अलग थ्योरीज को पढ़ाया जाता है।

## BSc-Data Science

यह डिग्री कोर्स तीन साल का है। इसमें कई तरह के डोमेन होते हैं। जैसे- बिजनेस एनॉलिटिक्स, कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आदि। इस कोर्स में छात्रों को बिजनेस और कंप्यूटर के साथ AI के बारे में भी बताया जाता है। डेटा साइंस में बिग डेटा एनॉलिटिक्स, मशीन लर्निंग और स्टैटिस्टिक्स जैसे कई कॉन्सेप्ट्स पढ़ाए जाते हैं। जिनके इस्तेमाल से आम लोगों से जुड़ी समस्याओं को हल किया जाता है। डेटा साइंस में BSc करने के लिए छात्रों के 12वीं में 50 फीसदी अंक होना अनिवार्य है। इस कोर्स को करने से लिए 12वीं में साइंस स्ट्रीम का होना जरूरी है। अन्य स्ट्रीम वाले स्टूडेंट्स को भी कुछ कॉलेज एडमिशन देते हैं। यहां पर कॅरियर ऑप्शन की कमी नहीं है। बैंकिंग जैसे क्षेत्र में डेटा साइंटिस्ट, प्रोसेस एनॉलिस्ट, बिजनेस, हेल्थकेयर और बिजनेस एनालिस्ट की नौकरियां उपलब्ध हैं।

## BCA

यह भी तीन साल का अंडरग्रेजुएट कोर्स है। इस कोर्स में कंप्यूटर और मैथमैटिकल साइंस से जुड़ा करिकुलम छात्रों को पढ़ाया जाता है। आज की तेजी से बदलती आईटी इंडस्ट्री को ध्यान में रख कर ये कोर्स बनाया गया है। इस कोर्स में छात्रों को डेटा साइंस से जुड़े कॉन्सेप्ट्स को और उनके एप्लिकेशन को समझाने पर जोर दिया जाता है। इस कोर्स में दाखिला लेने के लिए स्टूडेंट्स के 12वीं में 50 फीसदी अंक होने जरूरी हैं। इस कोर्स में साइंस स्ट्रीम वाले छात्रों को भी सुविधा दी जाती है। छात्रों को कॅरियर बनाने के लिए अनेक मौके यहां पर उपलब्ध हैं। विप्रो, अमेजॉन जैसी बड़ी कॉरपोरेट कंपनियों में डेटा इंजीनियर, डेटा आर्किटेक्ट और डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर के पदों पर काम करने का मौका मिलता है।

## डिप्लोमा इन डेटा साइंस

डेटा साइंस में डिप्लोमा दो साल का हो सकता है। इसमें स्टूडेंट्स को डेटा एनॉलिटिक्स और डेटा साइंस में ट्रेंड किया जाता है। बता दें कि डिग्री के मुकाबले डिप्लोमा कोर्स में कम खर्च होता है। इस कोर्स को करने से कम समय में ज्यादा स्किल्स सीखने का मौका मिलता है। 12वीं के बाद छात्र यूजी के बाद भी डिप्लोमा कर सकते हैं। डिप्लोमा कोर्स करने के बाद बिजनेस इंटेलीजेंस एनॉलिस्ट, रिसर्च एनॉलिटिक्स और एनॉलिटिक्स मैनेजर जैसे पदों पर काम करने के मौके हैं।

## सर्टिफिकेट कोर्स

तकनीक के बढ़ते ब्यूग में ऑनलाइन कोर्सेज की काफी भरमार है। दुनिया की कई बड़ी कम्पनियां ऐसे कोर्सेज को लेकर आ रही हैं। इसी लिस्ट में डेटा साइंस का सर्टिफिकेट कोर्स भी शामिल है। इस ऑनलाइन कोर्स कराने वाली कोर्सएरा, उडेमी जैसी कंपनियां इस कोर्स को करवाती हैं। इस कोर्स को करने के लिए छात्रों को कंप्यूटर साइंस और प्रोग्रामिंग लैंग्वेज का आना अनिवार्य नहीं है। इस कोर्स में छात्रों को डेटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग और डेटा विजुअलाइजेशन जैसे कॉन्सेप्ट्स पढ़ाये जाते हैं।

# श्रीपंचमुखी हनुमान मंदिर में 40 दिवसीय श्रीहनुमंत जन्म महोत्सव की धूम

## अक्षय तृतीया पर होंगे विभिन्न धार्मिक आयोजन

♦भारत टाइम्स♦

**(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)वृन्दावन।** राम नगर कॉलोनी स्थित शरणागति आश्रम में संतश्री लक्ष्मी माताजी का सप्त दिवसीय प्रिया-प्रियतम मिलन महोत्सव परम् तपस्वी, संत शिरोमणि, महन्त रामसुभग दास महाराज (फट्टी बाबा) के पावन सानिध्य में अत्यंत श्रद्धा व धूमधाम के साथ चल रहा है।जिसमें श्रीमद्भक्तमाल कथा, संत-विद्वत प्रवचन एवं भजन संध्या आदि के आयोजन हो रहे हैं। इस अवसर पर आयोजित श्रीनाभादास महाराज कृत ₹श्रीमद्भक्तमाल ग्रंथ₹ पर प्रवचन करते हुए प्रख्यात भक्तमाल प्रवक्ता संत बिहारीदास ₹भक्तमाली₹ व संत राधिका शरण महाराज ने कहा कि श्रीमद्भक्तमाल ग्रंथ में जो विभिन्न भक्तों की कथाएं संग्रहित हैं, उनका श्रवण करने से व्यक्ति को भक्ति मार्ग सहज में ही प्राप्त हो जाता है।साथ ही हम सभी को भक्ति के प्रकार व प्रभु की भक्ति करने की सीख भी मिलती है। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी व प्रख्यात भागवताचार्य डॉ. अनुराग कृष्ण पाठक ने कहा कि शरणागति आश्रम में स्थापित ₹अष्ट शतकोटी श्रीराम नाम मन्दिरम₹ समूचे विश्व का एक मात्र ऐसा मंदिर है, जिसमें कि आठ



अरब से भी अधिक राम नाम कोश ससम्मान विराजित हैं।यह मंदिर तीन मंजिला है।जिसकी कि नित्यप्रति प्रातः से सायं तक विभिन्न प्रकारों से पूजा-अर्चना व परिक्रमा आदि होती है।साथ ही इस मंदिर का प्रतिवर्ष अत्यंत धूमधाम के साथ पाटोत्सव भी मनाया जाता है। आचार्य पीठाधीश्वर स्वामी रामप्रपनाचार्य महाराज व श्रीराम कथा के यशस्वी प्रवक्ता स्वामी भानुदेवाचार्य महाराज ने कहा कि रेवासा धाम (राजस्थान) के प्रख्यात संत, अग्रपीठाधीश्वर डॉ. राघवाचार्य महाराज व संत प्रवर रामसुभग दास महाराज(फट्टी बाबा) की सद्प्रेरणा से शरणागति आश्रम द्वारा प्रदत्त निःशुल्क पुस्तिकाओं में राम भक्तों से ₹राम नाम₹ लिखवाने का जो स्तुत्य कार्य विगत कई वर्षों से किया जा रहा है, वो हमारे देश व समाज के लिए अत्यंत लोक कल्याणकारी है।क्योंकि प्रभु श्रीराम हम सभी के आदर्श हैं। महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति विशेष रही।महाराज (फट्टी बाबा) के पावन सानिध्य में अत्यंत श्रद्धा व धूमधाम के साथ चल रहा है।जिसमें श्रीमद्भक्तमाल कथा, संत-विद्वत प्रवचन एवं भजन संध्या आदि के आयोजन हो रहे हैं। इस अवसर पर आयोजित श्रीनाभादास महाराज कृत ₹श्रीमद्भक्तमाल ग्रंथ₹ पर प्रवचन करते हुए प्रख्यात भक्तमाल प्रवक्ता संत बिहारीदास ₹भक्तमाली₹ व संत राधिका शरण महाराज ने कहा कि श्रीमद्भक्तमाल ग्रंथ में जो विभिन्न भक्तों की कथाएं संग्रहित हैं, उनका श्रवण करने से व्यक्ति को भक्ति मार्ग सहज में ही प्राप्त हो जाता है।साथ ही हम सभी को भक्ति के प्रकार व प्रभु की भक्ति करने की सीख भी मिलती है। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी व प्रख्यात भागवताचार्य डॉ. अनुराग कृष्ण पाठक ने कहा कि शरणागति आश्रम में स्थापित ₹अष्ट शतकोटी श्रीराम नाम मन्दिरम₹ समूचे विश्व का एक मात्र ऐसा मंदिर है, जिसमें कि आठ अरब से भी अधिक राम नाम कोश ससम्मान विराजित हैं।यह मंदिर तीन मंजिला है।जिसकी कि नित्यप्रति प्रातः से सायं तक विभिन्न प्रकारों से पूजा-अर्चना व परिक्रमा आदि होती है।साथ ही इस मंदिर का प्रतिवर्ष अत्यंत धूमधाम के साथ पाटोत्सव भी मनाया जाता है। आचार्य पीठाधीश्वर स्वामी रामप्रपनाचार्य महाराज व श्रीराम कथा के यशस्वी प्रवक्ता स्वामी भानुदेवाचार्य महाराज ने कहा कि रेवासा धाम (राजस्थान) के प्रख्यात संत, अग्रपीठाधीश्वर डॉ. राघवाचार्य महाराज व संत प्रवर रामसुभग दास महाराज(फट्टी बाबा) की सद्प्रेरणा से शरणी कथाएं संग्रहित हैं, उनका श्रवण करने से व्यक्ति को भक्ति मार्ग सहज में ही प्राप्त हो जाता है।साथ ही हम सभी को भक्ति के प्रकार व प्रभु की भक्ति करने की सीख भी मिलती है। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ

# मेघनगर विकास खण्ड की ग्राम पंचायतो में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

यह मंदिर तीन मंजिला है। जिसकी कि नित्यप्रति प्रातः से सायं तक विभिन्न प्रकारों से पूजा-अर्चना व परिक्रमा आदि होती

♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी झाबुआ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना के निदेशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला स्वीप नोडल जितेन्द्रसिंह चौहान के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत मेघनगर ग्राम पंचायत फुलेडी, छोटा घोसलिया, बेडावली, डूंडका, बेडावली काजलीडूगरी एवं खच्चर टोडी मेघनगर में महीला बाल विकास विभाग एवं ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक द्वारा पीले चावल देकर मतदान हेतु निमंत्रण दिया गया। जिसमें रंगोली प्रदर्शन एवं हाथ में मेहँदी लगाकर मतदाता जागरूकता की शपथ एवं पीले चावल देकर आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान हेतु प्रेरित किया गया, व घर-घर जाकर आवो वोट दडवे नु तेडु के माध्यम से मतदान के लिए भीली बोली में निमंत्रण पत्र दिया गया। शरणागति आश्रम में स्थापित अष्ट शतकोटी श्रीराम नाम मन्दिरम् समूचे विश्व का एक मात्र ऐसा मंदिर है, जिसमें कि आठ अरब से भी अधिक राम नाम कोश ससम्मान विराजित हैं। यह मंदिर तीन मंजिला है। जिसकी कि नित्यप्रति प्रातः से सायं तक विभिन्न प्रकारों से पूजा-अर्चना व परिक्रमा आदि होती है। साथ ही इस मंदिर का प्रतिवर्ष अत्यंत धूमधाम के साथ पाटोत्सव भी मनाया जाता है। आचार्य पीठाधीश्वरख्यात भक्तमाल प्रवक्ता संत बिहारीदास ''भक्तमाली'' व संत राधिका शरण महाराज ने कहा कि श्रीमद्भक्तमाल ग्रंथ में जो विभिन्न भक्तों की कथाएं संग्रहित हैं, उनका श्रवण करने से व्यक्ति को भक्ति मार्ग सहज में ही प्राप्त हो जाता है।साथ ही हम सभी को भक्ति के प्रकार व प्रभु की भक्ति



करने की सीख भी मिलती है। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी व प्रख्यात भागवताचार्य डॉ. अनुराग कृष्ण पाठक ने कहा कि शरणागति आश्रम में स्थापित ₹अष्ट शतकोटी श्रीराम नाम मन्दिरम₹ समूचे विश्व का एक मात्र ऐसा मंदिर है, जिसमें कि आठ अरब से भी अधिक राम नाम कोश ससम्मान विराजित हैं।यह मंदिर तीन मंजिला है।जिसकी कि नित्यप्रति प्रातः से सायं तक विभिन्न प्रकारों से पूजा-अर्चना व परिक्रमा आदि होती है।साथ ही इस मंदिर का प्रतिवर्ष अत्यंत धूमधाम के साथ पाटोत्सव भी मनाया जाता है। आचार्य पीठाधीश्वर स्वामी रामप्रपनाचार्य महाराज व श्रीराम कथा के यशस्वी प्रवक्ता स्वामी भानुदेवाचार्य महाराज ने कहा कि रेवासा धाम (राजस्थान)

# 5 दिवसीय क्रिकेट नाइट टूनामेंट का हुआ समापन

## विनय निकाडी बने मैन ऑफ द सीरीज

♦भारत टाइम्स♦

**मल्हारगढ/महेश मरेठा।** पिपलिया मंडी में आईपीएल की तर्ज पर पांच दिवसीय नाइट क्रिकेट टूनामेंट संपन्न हुआ इस टूनामेंट में 6 टीमों ने भाग लिया प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला पिपलिया वारियर्स और पिपलिया सुपर जॉइन्ट के बीच मे खेला गया जिसमें पिपलिया जॉइन्ट विजेता रही इस टूनामेंट में बेस्ट बैट्समैन और मन ऑफ द सीरीज पिपलिया मंडी के स्थानीय युवा क्रिकेट खिलाड़ी विनय नेकाड़ी रहे इस पूरे टूनामेंट में विनय नेकाड़ी सबसे ज्यादा बार मैन ऑफ द मैच बने फाइनल मुकाबले में मैन ऑफ द मैच क्रिकेटर अनीश पाटीदार और सतपाल सिंह रहे पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृष्णपाल




सिंह शक्तावत भारत सिंह सोनगरा सुनील देवरिया चन्दू माली गोविंद धनोतिया रूपचन्द होतवानी शंकरलाल लाल हरजनी ओमप्रकाश गेहलोद गौरव जैन सन्नी शर्मा इशवर चंदवानी महेश सैनी प्रंजाल गुप्ता रहे कार्यक्रम का संचालन नरेश हरजानी ने किया एवं आभार शिव राठौड़ बंटी सैनी रवि चौहान ने माना

# इंडिया गठबंधन की सरकार बननी तय-रामगोविंद चौधरी

## सपा प्रत्याशी राजीव राय के केंद्रीय कार्यालय का उदघाट्न

♦भारत टाइम्स♦

**मऊ।** इंडिया गठबंधन के समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राजीव राय के केंद्रीय कार्यालय का उदघाट्न मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चौधरी ने सोमवार को नगर के गालिबपुर में फीता काटकर किया। इस दौरान कार्यक्रताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश में इस बार फिरकापरस्त ताकतों को मुंह तोड़ जवाब देने के लिए जनता तैयार है। जनता संविधान विरोधी ताकतों को पहचान चुकी है। इंडिया गठबंधन को देश में स्पष्ट बहुमत मिलती देख मोदी और अमितशाह के पैरों तले जमीन खिसक चुकी है। इसलिए वह चुनाव में अपनी उपलब्धि के बजाय उलूल



जलूल बातें कर रहे हैं। कहा कि आने वाले 1 जून को घोसी की जनता एक इतिहास रचने जा रही है। उन्होंने सभी



से जाति-धर्म से ऊपर उठकर अधिक से अधिक मतदान करने की अपील किया। प्रत्याशी राजीव राय ने कहा कि घोसी की जनता के बीच ही उनका जीवन बिता है। इस बार जो स्नेह मिल रहा है उसका आजीवन कर्जदार रहूंगा। कहाकि इस स्नेह को वह सूद समेत वापस लौटने का।प्रयास करेंगे।जिलाध्यक्ष दूधनाथ यादव ने सभी कार्यक्रताओं से घोसी फतह करने का नारा दिया।।कहाकि जो भी समाजवादी पार्टी का सिपाही है वह बिना किसी झिझक के गांव-गांव अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करे।।कार्यक्रम को विधायक सुधाकर सिंह, राजेन्द्र कुमार, राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य अल्ताफ अंसारी, पूर्व ज़िला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव साधु, ज़िला महासचिवकुद्दूस अंसारी,पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मप्रकाश यादव,पूर्व जिलाध्यक्ष मुन्ना यादव,आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रामायन यादव, वीरेंद्र यादव लोहिया, नन्हकू राजभर,देवनाथ यादव, संजय पांडे,वीरेंद्र चौहान, डॉ रामकृष्ण यादव, डॉ ओमप्रकाश यादव, रामधनी चौहान,सितारा यादव, लालचंद यादव, अमान अहमद,चंद्रकांत मौर्य, रामप्रकाश यादव,आदि हजारों लोग उपस्थित रहे।

# जिला संपादक संघ ने स्वर्गीय नंदलाल जी तिवारी की 16वीं पुण्यतिथि मनाई

♦भारत टाइम्स♦

**मल्हारगढ// महेश मरेठा।** मल्हारगढ़ जिला संपादक संघ मंदसौर ने मल्हार मार्तंड के संपादक स्वर्गीय नंदलाल जी तिवारी की 16वीं पुण्यतिथि जिला संपादक संघ के संस्थापक ओंकार सिंह जी संपादक संघ के जिला अध्यक्ष देवीलाल जी गुर्जर चंद्रमणि संपादक राधेश्याम बैरागी दैनिक भास्कर प्रतिनिधि चंद्र प्रकाश अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि रमेशचंद्र विजयवर्गीय नगरपरिषद सभापति प्रतिनिधि हरिकृष्ण बटवाल नई दुनिया प्रतिनिधि सतीश दरिंग के आतिथ्य में मनाई गई इस अवसर पर संस्कार दर्शन के संपादक लक्ष्मीनारायण मादलिया सीतामऊ चेतन सिंह जी मंदसौर पुष्कर जी दहिया मालवा की दस्तक सरवर खान मंदसौर दरबार सिंह जी राठौड़ डॉ योगेश कच्छावा सहित अनेक पत्रकारों और अतिथियों ने स्वर्गीय नंदलाल जी तिवारी के जीवन की अनेक घटनाओं का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि स्वर्गीय तिवारी जी निडर एवं जांबाज पत्रकार थे वह हमेशा अपनी कलम से



प्रमाणिक समाचार मल्हार मार्तंड में निडरता के साथप्रकाशित करते थे उन्होंने अपने जीवन में कभी भी अपनी लेखनी के साथ समझौता नहीं किया और वह एक ईमानदार पत्रकार थे आज हमें उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पदचिन्हों पर चलकर सच्ची और प्रामाणिक और ईमानदारी की पत्रकारिता करना चाहिए यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी इस अवसर पत्रकार नेमीचंद डाका महेश मरेठा मानसिंह डांगी बंशीदास बैरागी शीतल पंडित संदीप विजयवर्गी प्रकाश माली अंकित जैन सीतामऊ डॉक्टर फाजिल डॉक्टर योगेश कच्छावा विष्णु भारती सद्भावना समिति अध्यक्ष छगनलाल तवर हेमंत गुप्ता प्रकाश कच्छावा रंणजीत दुग्गड मनोहर जैन सभापति प्रतिनिधि दीनदयाल माली नागेश चौहान घनश्याम पाटीदार सहित अनेक पत्रकारों और गणमान्य नागरिकोने स्वर्गीय नंदलाल तिवारी को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की जिला संपादक संघ मंदसौर द्वारा स्वर्गीय नंदलाल जी तिवारी की स्मृति में पत्रकारिता पुरस्कार के रूप में सभी पत्रकारों को प्रमाण पत्र प्रदान किये इस अवसर पर सभी पत्रकार साथियों ने लोकतंत्र के महापर्व 13 मई को अपने परिवार सहित मतदान करने का संकल्प लिया और सभी पत्रकार साथियों का सहभोज हुआ।

# शिव पंचाक्षर स्त्रोतम प्रस्तुत कर भगवान शिव को अर्पित किया

♦भारत टाइम्स♦

**वाराणसी।** जिला प्रशासन की अप्रतिम पहल पर सोमवार को शिव की नगरी काशी में भरत नाट्यम नृत्य कोलकाता से पधारी कलाकार डॉ मौमिता मजूमदार उर्फ राजनंदिनी ने शिव पंचाक्षर स्त्रोतम नागेन्द्र हाराय त्रिलोचनाय की प्रस्तुति प्रस्तुत कर भगवान शिव को अर्पित किया तत्पश्चात भानु सिंघेर पदावली रविंद्र नाथ टैगोर द्वारा रचित गहना कुसुमा कुंजा माझे एवं समापन मीराबाई की




कथा से किया।कलाकार ने पद , लय , ताल,अंग संचालन एवं घुंघरूओं की झंकार से दर्शकों के हृदय को आह्लादित किया। कलाकार को प्रमाण पत्र डॉ वीरेंद्र प्रताप सिंह एवम अभय श्रीवास्तव ने प्रदान किया। प्रमाण पत्र प्रदान करने के साथ ही उनकी समर्पित संगीत साधना की सराहना की गई। धन्यवाद ज्ञापन श्याम कुमार केसरी ने किया। कार्यक्रम का संयोजन सुबह बनारस के सचिव संस्थापक डॉ रत्नेश वर्मा जी ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सीमा केसरी ने किया इस अवसर पर भारी संख्या में दर्शक गण उपस्थित रहे।

# बैंक आफ इंडिया के निवर्तमान सीएम की विदाईमुख्य प्रबंधक रंजीत दत्ता ने कार्यभार संभाला

## विदाई समारोह में निवर्तमान कों जाने का रहा मलाल तों नऐ मुख्य प्रबंधक का भव्य स्वागत

♦भारत टाइम्स♦

**(शीतल निर्भीक/दुर्गा बागी ब्यूरो) बलिया।** बैंक ऑफ इंडिया के निःवर्तमान मुख्य शाखा प्रबंधक के भव्य विदाई समारोह में नवागत सीनियर मैनेजर (सीएम) रंजीत दत्ता ने कार्यभार संभाला। विदाई समारोह बलिया जिले के मुख्यालय में स्थित बैंक ऑफ इंडिया की वरिष्ठ शाखा प्रबंधक के तबादले के बाद आयोजित किया गया।उस दौरान निवर्तमान मुख्य शाखा प्रबंधक को फूल की मालाएं पहनाकर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई और नए मुख्य प्रबंधक ने स्वागत समारोह में बैंक के उद्देश्य को आम आदमी के व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान बैंक ऑफ इंडिया के नवागत मुख्य प्रबंधक ने कहा कि



बैंक का मुख्य उद्देश्य है आम आदमी के व्यवसाय को बढ़ावा देना । उन्होंने भृगुमुनि की पावन धरती के हर व्यापारी को उनके व्यवसाय को बढ़ावा देने में प्रबल सहयोग करने का आश्वासन दिया इस विदाई समारोह में बैंक के कर्मचारियों ने निःवर्तमान मुख्य शाखा प्रबंधक को फूल की मालाऐ पहनाकर उनका जोरदार विदाई की और वही नए मुख्य प्रबंधक को भृगुमुनि की स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका जोरदार स्वागत किया। इस समारोह के माध्यम से बैंक सटाफ की टीम ने अपना समर्थन और संबंध को मजबूत किया और स्थानीय व्यवसायियों को उनके सफलता में सहायता करने का वादा किया। बलिया के बैंक ऑफ इंडिया के नए मुख्य प्रबंधक ने भी इस समर्थन का प्रतिज्ञान किया। नवागत मुख्य प्रबंधक रंजीत दत्ता झारखंड के धनबाद के निवासी हैं और बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य प्रबंधक के रूप में बैंक की अनेक शाखाओं पर उनकी लोकप्रियता काफी सराहनीय रही है।उन्होंने वित्त विभाग से एमबीए और बीटेक की उच्च शिक्षा प्राप्त की है। इसके पूर्व बिहार और झारखंड में काम करते हुए, उन्होंने बिहार क्षेत्रीय लेखा कार्यालय में वरिष्ठ प्रबंधक के


# जालोर-सिरोही के बच्चों लिए मेरा संकल्प- वैभव गहलोत

## चुनाव का परिणाम चाहे जो भी हो मैं जालौर सिरोही लोकसभा की सेवा करता रहूंगा

इसके लिए सरकार के स्तर पर होने वाले कार्यों के अलावा भी काम करने की आवश्यकता है

♦भारत टाइम्स♦

**फिरोज खान सिरोही।** जालोर सिरोही लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत ने बताया कि। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान मैंने देखा कि जालोर-सिरोही के दूरदराज के क्षेत्र में भी पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की योजनाओं का लाभ जनता को मिला एवं उससे उनका जीवनस्तर बेहतर हुआ परन्तु मैंने महसूस किया कि यहां बच्चों (विशेषकर आदिवासी बाहुल्य इलाकों के बच्चों) की जीवनदशा में सुधार की और आवश्यकता है।



इसके लिए सरकार के स्तर पर होने वाले कार्यों के अलावा भी काम करने की आवश्यकता है। मैंने चुनाव के दौरान वादा किया था कि चुनाव का परिणाम चाहे जो भी हों, मैं जालोर-सिरोही की सेवा करता रहूंगा। यहां के बच्चों की स्थिति में सुधार के संबंध में कार्ययोजना बनाने के लिए मैंने नोबल पुरस्कार विजेता एवं बचपन बचाओ आंदोलन के प्रणेता श्री कैलाश सत्यर्थी जी से चर्चा की है एवं उनके मार्गदर्शन में जालोर-सिरोही में बच्चों के हित में कार्य करने के लिए आप सभी के सहयोग की आवश्यकता रहेगी। मैं जानता हूं कि वहां की स्थिति में सुधार लाना एक लम्बी प्रक्रिया होगी परन्तु हम सभी मिलकर इस स्थिति में परिवर्तन लाने का प्रयास करेंगे। मैं आशा करता हूं कि इस कार्य में और भी लोगों का सहयोग मिलेगा और हम स्थिति में बदलाव ला सकेंगे।

# वृन्दावन के शरणागति आश्रम में स्थापित है विश्व का एकमात्र शतकोटी श्रीराम नाम मन्दिर

## जिसमें हैं आठ अरब से भी अधिक राम नाम कोश

♦भारत टाइम्स♦

**(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)वृन्दावन।** राम नगर कॉलोनी स्थित शरणागति आश्रम में संतश्री लक्ष्मी माताजी का सप्त दिवसीय प्रिया-प्रियतम मिलन महोत्सव परम् तपस्वी, संत शिरोमणि, महन्त रामसुभग दास महाराज (फट्टी बाबा) के पावन सानिध्य में अत्यंत श्रद्धा व धूमधाम के साथ चल रहा है।जिसमें श्रीमद्भक्तमाल कथा, संत-विद्वत प्रवचन एवं भजन संध्या आदि के आयोजन हो रहे हैं। इस अवसर पर आयोजित श्रीनाभादास महाराज कृत ₹श्रीमद्भक्तमाल ग्रंथ₹ पर प्रवचन करते हुए प्रख्यात भक्तमाल प्रवक्ता संत बिहारीदास ₹भक्तमाली₹ व संत राधिका शरण महाराज ने कहा कि श्रीमद्भक्तमाल ग्रंथ में जो विभिन्न भक्तों



की कथाएं संग्रहित हैं, उनका श्रवण करने से व्यक्ति को भक्ति मार्ग सहज में ही प्राप्त हो जाता है।साथ ही हम सभी को भक्ति के प्रकार व प्रभु की भक्ति करने की सीख भी मिलती है। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी व प्रख्यात भागवताचार्य डॉ. अनुराग कृष्ण पाठक ने कहा कि शरणागति आश्रम में स्थापित ₹अष्ट शतकोटी श्रीराम नाम मन्दिरम₹ समूचे विश्व का एक मात्र ऐसा मंदिर है, जिसमें कि आठ अरब से भी अधिक राम नाम कोश ससम्मान विराजित हैं।यह मंदिर तीन मंजिला है।जिसकी कि नित्यप्रति प्रातः से सायं तक विभिन्न प्रकारों से पूजा-अर्चना व परिक्रमा आदि होती है।साथ ही इस मंदिर का प्रतिवर्ष अत्यंत धूमधाम के साथ पाटोत्सव भी मनाया जाता है। आचार्य पीठाधीश्वर स्वामी रामप्रपनाचार्य महाराज व श्रीराम कथा के यशस्वी प्रवक्ता स्वामी भानुदेवाचार्य महाराज ने कहा कि रेवासा धाम (राजस्थान) के प्रख्यात संत, अग्रपीठाधीश्वर डॉ. राघवाचार्य महाराज व संत प्रवर रामसुभग दास महाराज(फट्टी बाबा) की सद्प्रेरणा से शरणागति आश्रम द्वारा प्रदत्त निःशुल्क पुस्तिकाओं में राम भक्तों से ₹राम नाम₹ लिखवाने का जो स्तुत्य कार्य विगत कई वर्षों से किया जा रहा है, वो हमारे देश व समाज के लिए अत्यंत लोक कल्याणकारी है।क्योंकि प्रभु श्रीराम हम सभी के आदर्श हैं। महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति विशेष रही।

# चुनाव प्रचार की पिच पर योगी का शतक

- 27 मार्च को मथुरा में प्रबुद्ध सम्मेलन से शुरू किया था चुनाव प्रचार, 37 दिन में 100 स्थानों पर किया जनसंवाद
- 73 जनसभा, 15 प्रबुद्ध सम्मेलन, 10 रोड शो व लोकसभा संचालन समिति की दो बैठक में भी कार्यकताओं का किया मार्गदर्शन
- महाराष्ट्र में छह, राजस्थान में चार जनसभा व दो रोड शो, उत्तराखंड में चार, पश्चिम बंगाल-छत्तीसगढ़ में तीन-तीन, बिहार में दो, मध्य प्रदेश-जम्मू में एक-एक जनसभा को किया संबोधित
- प्रचार के बीच में ही चैत्र रामनवमी, नवरात्रि, कन्या पूजन कर गोरक्षपीठाधीश्वर की भूमिका का भी किया निर्वहन

♦भारत टाइम्स♦

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर 'अबकी बार-400 पार' में उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा आधार बनेगा। इसी उम्मीद के साथ यहां की 80 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने के लिए कप्तान योगी आदित्यनाथ निरंतर धुआंधार रैलियां कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ 27 मार्च को प्रबुद्ध सम्मेलन से चुनावी पिच पर उतरे थे और महज 37 दिन (छह मई) में उन्होंने 100 स्थानों पर जनसंवाद करते हुए सोमवार को शतक लगा दिया। इसमें 73 जनसभाएं, 15 प्रबुद्ध सम्मेलन, 10 रोड शो व लोकसभा संचालन समिति की दो बैठक शामिल है। वहीं उत्तर प्रदेश के अलावा 'बुलडोजर बाबा' ने महाराष्ट्र में छह, राजस्थान में चार जनसभा व दो



रोड शो, उत्तराखंड में चार, पश्चिम बंगाल-छत्तीसगढ़ में तीन-तीन, बिहार में दो, मध्य प्रदेश-जम्मू में एक-एक जनसभा को भी संबोधित किया।

### लोकसभा संचालन समिति की बैठक ( वाराणसी-गोरखपुर)

प्रबुद्ध सम्मेलन (मथुरा, मेरठ, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर, बिजनौर, अमरोहा, हाथरस, बुलंदशहर, नोएडा, पीलीभीत, बदायूं, बरेली व आगरा) रोड शो( गाजियाबाद, सहारनपुर, चित्तौड़गढ़, जोधपुर, मेरठ, बरेली, लखनऊ, मैनपुरी, कानपुर व अयोध्या) नोटः गाजियाबाद, बरेली, कानपुर व अयोध्या में पीएम मोदी संग सीएम योगी भी हुए शामिल अन्य स्थानों पर सीएम ने की रैली

**19 दिन में 50 और 37 दिन में 100 स्थानों पर जनसंवाद-** 'अबकी बार-400 पार के लिए' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सारथी के रूप में योगी आदित्यनाथ निरंतर रैली, रोड-शो, जनसभा, प्रबुद्ध सम्मेलन कर रहे हैं। महज 19 दिन के भीतर (चैत्र नवरात्रि की अष्टमी) ही योगी आदित्यनाथ ने 50 स्थानों पर संवाद साध लिया था। 27 मार्च से छह मई तक चुनाव प्रचार के 41 दिन हो चुके, जिसमें से 37 दिन योगी आदित्यनाथ ने एनडीए प्रत्याशियों के लिए विभिन्न राज्यों व उत्तर प्रदेश के अनेक जनपदों में पहुंचकर जनसंवाद किया। इसके अतिरिक्त वे गोरखपुर में रामनवमी, चैत्र नवरात्र व कन्या पूजन में भी शामिल हुए। साथ ही पार्टी की बैठकों व कार्यक्रमों का भी हिस्सा बने। **73 जनसभाएं, 15 प्रबुद्ध सम्मेलन, 10 रोड शो व लोकसभा संचालन समिति की दो बैठक कर सहेजा-** भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ ने अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन किया। उन्होंने 37 दिन में भाजपा व एनडीए प्रत्याशियों के लिए 73 जनसभाएं कीं। 15 प्रबुद्ध सम्मेलन किए। वाराणसी व गोरखपुर जैसी महत्वपूर्ण सीटों (एक जून को वोटिंग) के लिए लोकसभा संचालन समिति की बैठक की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ और अकेले भी उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में दस से अधिक रोड शो किया। जहां-जहां भी गए, हर जगह योगी-योगी की गूंज गुंजायमान रही। **योगी ने गोरक्षपीठाधीश्वर के साथ ही निभाई भाजपा कार्यकर्ता की भी भूमिका-** योगी आदित्नाथ उत्तर प्रदेश का बखूबी दायित्व संभालने के साथ गोरक्षपीठाधीश्वर की भूमिका का भी निर्वहन करते हैं। नवरात्रि में उपवास के बावजूद उन्होंने पार्टी कार्यकर्ता के रूप में कई सीटों पर रैलियां कीं। बिना थकान वे निरंतर प्रत्याशियों का हाथ थामे हुए हैं। चैत्र नवरात्रि की सप्तमी तिथि पर गोरखपुर पहुंचकर गोरक्षपीठाधीश्वर पूजन में शामिल भी हुए तो अष्टमी की सुबह मंदिर में पूजा-पाठ के बाद प्रचार-प्रचार के लिए पश्चिमी उप्र के तीन लोकसभा सीटों पर भी गए थे। उन्होंने पीएम के गले में पड़ने वाली 80 मनकों की माला में यहां से भी योगदान का आह्वान किया। **आठ राज्यों में कर चुके चुनाव प्रचार-** 37 दिन में योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त आठ राज्यों में भी भाजपा व एनडीए प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार किया। बुलडोजर बाबा ने महाराष्ट्र में छह, राजस्थान में चार जनसभा व दो रोड शो, उत्तराखंड में चार, पश्चिम बंगाल-छत्तीसगढ़ में तीन-तीन, बिहार में दो, मध्य प्रदेश-जम्मू में एक-एक जनसभा को भी संबोधित किया। उप्र के बाहर योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह शेखावत, राजस्थान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, पूर्व केंद्रीय मंत्री व कद्दावर नेता एसएस अहलूवालिया, छत्तीसगढ़ की कोरबा सीट से सरोज पांडेय, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत आदि नामचीन, कद्दावर व बड़े नेताओं के लिए भी रैली/रोड शो किया।

## राहुल गांधी ने मंच से कहा 400 का नारा लगाने वाले 150 भी पार नहीं कर पाएंगे







- हमारी सरकार बनने के बाद महीने के 8,500 टका टक टका टक डाले जाएंगे

♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी झाबुआ।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जोबट पहुंचे. उन्होंने यहां जनसभा को संबोधित करते हुए कहा की संविधान ने जल-जंगल- जमीन का अधिकार आदिवासियों को दिया. आज की सरकार आपसे ये सब छीनना चहती हैं ओर हम उन्हें रोकना चाहते हैं बीजेपी 400 पार का नारा लगा रही है 400 सीट तो छोड़िए, उसे 150 सीट नहीं मिलेगी हम आरक्षण को 50 प्रतिशत से उपर ले जाएगें गरीब महिलाओं को हर साल 1 लाख रुपये देंगे हमारी सरकार आने पर किसानों का कर्जा माफ होगा हम एमएसपी को कानून बनाएंगे. हमारी सरकार में युवाओं के लिए पहली नौकरी पक्की होगी. उन्हें एक साल की नौकरी का अधिकार, 1 लाख रुपये देंगे. हम चुनाव के बाद मनरेगा में मजदूरी के 400 रुपये देंगे. ये संविधान बचाने का चुनाव है. इसको बीजेपी और आर एस एस खत्म करना चाहते हैं, बदलना चाहते हैं. कांग्रेस और इंडिया गठबंधन इसे बचाने की कोशिश कर रही है. जो भी आदिवासियों, दलितों को मिला है. आपके जल-जंगल-जमीन का हक आपको मिला है. बीजेपी आपके अधिकारी छीनना चाहती है. हम उन्हें रोकने की कोशिश कर रहे हैं. चाहे वो शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, जो भी आदिवासियों को मिलता है, वो संविधान की वजह से ही मिलता है मीडिया का किया जिक्र मीडिया वाले आदिवासियों की बात कभी नहीं करते. आपकी बच्चियों का बलात्कार होता है, आपकी जमीन छीनी जाती है, तो मीडिया में आपकी बात कभी नहीं की जाती. इसका कारण है. देश की बड़ी-बड़ी कंपनियों में, एक एंकर, एक पत्रकार आपको आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्ग का आदमी आपको नहीं मिलेगा. एक भी आदिवासी इन कंपनियों का मालिक नहीं है. ये देश की सच्चाई है. बीजेपी आपका आरक्षण खत्म करना चाहती है. हम आरक्षण को 50 फीसदी से आगे ले जाएंगे. इनको जो करना है कर ले. कोर्ट ने 50 फीसदी आरक्षण की सीमा कर रखी है. हम इसे बदल देंगे. हम इसे बढ़ाएंगे. राहुल गांधी की जन सभा में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे ! सभा को संबोधित कान्तिलाल भुरिया, जितु पटवारी, विक्रांत भुरिया, आदी वरिष्ठ नेताओ भी सम्बोधीत कीया !

### नगद नहीं, तो टेंशन नहीं, अब रेलवे ऑनलाइन लेगा जुमार्ना

## ट्रेनों के बाद अब रेल मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशन पर नई व्यवस्था

♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी झाबुआ।** ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रीयो अब जेब में रुपए न होने का बहाना नहीं बना पाएंगे क्योंकि रतलाम रेल मंडल बिना टिकट यात्रा करते पकड़े जाने पर अब यात्रियों से क्यू आर कोड स्कैन कर जुमार्ने की राशि ली जाएगी। जुमार्ना वसूलने के लिए रेलवे स्क्वाड और टीटीई को 300 एचएचटी मशीन दे दी गई है। अब तक ये सुविधा ट्रेन में थी, अब इसको रेल मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशन पर भी लागू किया जा रहा है। अब बार कोड के जरिए जुमार्ना सीधे रेलवे खाते में पहुंच जाएगा। देश भर में डिजिटल पेमेंट से भुगतान का रुझान बढ़ा है रेलवे में भी अब जुमार्ने की राशि जमा करने के मामले में डिजिटल हो गया है। जुमार्ना नहीं भरने पर यात्रियों को जेल तक जाना पड़ता



था। जेब में कैश नहीं होने की वजह से भी यात्रियों को समस्या आती थी डिजिटल पेमेंट की सुविधा होने से रेल कर्मियों का काफी समय बच रहा है। एचएचटी मशीन को स्टाफ में वितरित किया गया है। क्यू आर कोड के जरिए जुमार्ना भरने की सुविधा से कागज की भी बचत होगी। आरोप लगते थे की जुमार्ना वसूलने के बाद टिकट चेकिंग स्टाफ राशि को पास रख लेते थे, अब बार कोड के जरिए जुमार्ना सीधे रेलवे खाते में पहुंच जाएगा। इससे रेलवे के राजस्व की बढ़ोतरी भी होगी। **रेल मंडल में कुछ स्टेशनों पर इस सुविधा को शुरू किया जा रहा है-** रतलाम रेल मंडल में रतलाम, इंदौर, उज्जैन, दाहोद, चित्तौड़गढ़, नागदा, देवास स्टेशन पर इस सुविधा को शुरू किया जा चुका है। रतलाम रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीणा के अनुसार यात्रियों की सुविधा के लिए इसको शुरू किया है। नगदी की जरूरत नहीं होगी व कागज के उपयोग नहीं होने से मदद मिलेगी। **ऐसे करेंगे कोड जनरेट-** चेकिंग स्टाफ मशीन में यात्री के सफर की डिटेल्स भरकर क्यूआर कोड जेनरेट करेगा। नई व्यवस्था से लेनदेन में पारदर्शिता का महत्वपूर्ण पहलू है। चेकिंग स्टाफ पर अवैध उगाही का भी आरोप नहीं लग सकेगा। सुविधा आसान होने से अब जेब में नकदी रखने का चलन घट गया है। लोग चोरी या गुम होने के डर से कैश नहीं रख रहे हैं। लोगों के बदलते रुझान को देखते हुए रेल यात्रियों से जुमार्ने की राशि ऑनलाइन वसूली शुरू हो रही है। **इधर हाल ही में 681 यात्री बिना टिकट पकड़ाए-** रतलाम हॉलिडे स्पेशल ट्रेनों में बिना और अनियमित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाने के लिए वाणिज्य विभाग ने मक्सी स्टेशन पर चेकिंग की। इसमें 14 से ज्यादा यात्री ट्रेनों में स्टाफ ने चेकिंग की। 681 बिना टिकट मिले। इनसे 2 लाख 66 हजार 975 रुपए का राजस्व वसूला। रेलवे मजिस्ट्रेट मनीष अनुरागी और मंडल वाणिज्य प्रबंधक आलोक चतुवेर्दी की उपस्थिति में 17 टिकट चेकिंग स्टाफ, 1 स्केल मैन और 7 आरपीएफ के जवान शामिल हुए। आगे भी इस तरह का चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

## साध्य और साधन की शुद्धि आवश्यक : युगप्रधान आचार्य महाश्रमण

### लगभग 32 दिनों बाद गुरुकुलवास में पहुंची साध्वी प्रमुखा जी आदि साध्वियां





♦भारत टाइम्स♦

**सोमवार, देवलाई, छत्रपति संभाजीनगर (महाराष्ट्र)।** जैन श्वेतांबर तेरापंथ धर्मसंघ के ग्यारहवें अधिशास्ता युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी लोक कल्याण के महान उद्देश्य के साथ महाराष्ट्र राज्य में पदयात्रा करते हुए गतिमान है। आज आचार्यश्री का छत्रपति संभाजीनगर के बाहरी हिस्से में स्थित देवलाई के ग्रीन ग्लोब विद्या मंदिर स्कूल में पदार्पण हुआ। इसी के साथ ही आज पुणे से पधारी साध्वीप्रमुखा श्री विश्रुतविभा जी आदि साध्वी वृंद भी गुरु सन्निधि में पहुंची। पुणे में स्वास्थ्य लाभ लेने के पश्चात लगभग एक माह के बाद साध्वीप्रमुखा श्री जी पुनः गुरुकुलवास में सम्मिलित हो गई। प्रातः जब गुरुदेव का प्रवास स्थल पर पदार्पण हुआ उस समय साध्वीप्रमुखा जी आदि साध्वीवृंद गुरुदेव की आगवानी में खड़े थे। दोनों विभूतियों का आध्यात्मिक मिलन देख कर पूरा वातावरण जय जयकारों से गूंज उठा। कल संभाजीनगर प्रवेश से पूर्व साध्वीप्रमुखा श्री के आगमन से क्षेत्र वासियों का हर्ष भी द्विगुणित हो गया। मंगल प्रवचन में धर्म देशना देते हुए आचार्य श्री ने कहा झ संयम व तप में आध्यात्म का बहुत बड़ा सार समाया है। एक ओर भोग व दूसरी ओर संयम। अनुश्रोत का मार्ग आसान व प्रतिश्रोत का मार्ग कठिन होता है। प्रवाह में साथ चलना अनुश्रोत व प्रवाह के विपरीत चलना प्रतिश्रोत का मार्ग है। साधन शुद्ध हो तभी साध्य तक पहुंचा जा सकता है व रास्ता सही तो तभी मंजिल तक। संयम और तप से हम अपने मोक्ष के साध्य तक पहुँच सकते है। जिस साध्य व साधन से शुद्ध अहिंसा, संयम व तप की वृद्धि होती है उस साध्य और साधन से मोक्ष का पथ भी प्रशस्त बनता है। कहीं कहीं भौतिक पक्ष में भी साध्य और साधन की शुद्धि का महत्व हो सकता है। चाहे बात व्यक्ति की हो, समाज की हो या राष्ट्र की इन दोनों के महत्व को नकारा नहीं जा सकता। गुरुदेव ने आगे कहा कि साध्य राष्ट्र हित का हो तो साधन में भी अहिंसा का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग होना चाहिए। न्यायपालिका में भी न्याय को प्रार्थमिकता दी जाए, निष्पक्ष निर्णय हो तथा व्यक्तिगत राग-द्वेष के लिए कोई स्थान न रहे। राजा के तीन कर्तव्य होते है।

## अरवल्ली जिले में लोकसभा चुनाव के लिए वितरित की गई ईवीएम,वीवीपैट समेत विभिन्न सामग्री मंगलवार को मतदान केंद्र पर पहुंचेगी





- अरावली जिला प्रशासन द्वारा व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं और अरावली जिला पुलिस द्वारा सभी तैयारियां और आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं

♦भारत टाइम्स♦

**भरतसिंह,आर,ठाकोर अरवली,गुजरात।** गुजरात में कल होने वाले पहले चरण के चुनाव के लिए जहां व्यवस्था तैयार है, वहीं अरावली जिले में मतदान की तैयारियां भी पूरी हो चुकी हैं. अरावली में जिला निर्वाचन अधिकारी और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में तीन विधानसभाओं में ईवीएम डिस्पैचिंग का काम किया गया. 32 जोनल अधिकारी और 32 सहायक जोनल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं और संवेदनशील मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इस बार महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए अरावली में 21 सखी मतदान केंद्र भी संचालित किये जायेंगे। सखी मतदान केन्द्र का संचालन पूर्णतः महिला कर्मियों द्वारा किया जायेगा तथा 3 मॉडल, 3 दिव्यांग एवं 1 युवा मतदान केन्द्र की विशेष व्यवस्था की गयी है।मोडासा में, पर्यवेक्षकों और जिला पुलिस प्रमुख, इवम जिला विकास अधिकारी द्वारा प्रेषण केंद्र का दौरा किया गया



**डोंडी लोहारा विधानसभा से आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी युगल किशोर रात्रे का आकस्मिक निधन कार्यकताओं ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक व्यक्त किया**

## फेम ने व्यापारियों से की मतदान की अपील...

### व्यापारी बनाएं इतिहास, करें 100% मतदान : सोबती

♦भारत टाइम्स♦

**आगरा।** आज फेडरेशन आफ आल इंडिया व्यापार मंडल आगरा ने लोकतंत्र के महापर्व आगामी 7 मई मंगलवार को होने वाले आगरा लोकसभा के चुनाव में वोट करने की अपील राजामंडी बाजार में पहुंच कर वहां के व्यापारियों से की। फेम के सभी सदस्य राजामंडी चौराहे पर एकत्र हुए वहां से प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोबती के नेतृत्व में हाथ में बेनर पोस्टर लेकर राजामंडी बजार के सभी व्यापारियों से वोट के अधिकार को अवश्य प्रयोग की अपील की। सभी व्यापारियों को एक पेम्पलेट देकर वोट के महत्व को समझाया। अंत में व्यापारियों के समूह को संबोधित करते हुए फेम के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोबती ने बताया कि फेम व्यापारियों का राष्ट्रीय संगठन है इस नाते अपने दायित्व का निर्वहन करने फेम,आगरा




जिला यहां व्यापारियों के बीच आया है और अपील की कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के महापर्व 'चुनाव' में व्यापारियों को आगरा में 100% मतदान कर इतिहास बनाना चाहिए। फेम के जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी राजेश खुराना ने कहा कि 7 मई को सभी अपने वोट की आहुति इस महायज्ञ में अवश्य दें क्योंकि वोट हमारा अधिकार है, जो देश का भविष्य तय करता है। जिला महामंत्री ब्रजेश पंडित ने कहा ₹पहले मेरा वोट डलेगा-चूल्हा उसके बाद जलेगा₹ इसी के लिए सभी से अपील की कि न केवल अपना वोट डालना है, वरन अपने साथियों,पड़ोसियों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी राजेश खुराना, ब्रजेश पंडित, राजेन्द्र सिंह 'कुक्कू₹, लिली गोयल, शिवम गर्ग, जितेश कुमार, प्रेम शर्मा, अमन अग्रवाल, अजय केम, बिंदर सिंह, पदम भाई, सौरभ कुमार, विक्रम सिंह, बॉबी बजाज, अशोक भाई, नरेंद्र कुमार, सुमित कुमार, गौरव सिंह, सूरज अरोड़ा, सुमित चावला आदि उपस्तिथ रहे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री ने किया एवं सभी को धन्यबाद ज्ञापित किया।

# मुख्यमंत्री ने हरदोई लोकसभा क्षेत्र से सांसद व भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश रावत के लिए की जनसभा

## कांग्रेसियों की मति मारी गई है, जो भगवान का विरोध कर रहे हैं: योगी...

- बोले: 25 साल बाद भी खुशहाल रहे भारत, इसके लिए आज मोदी जरूरी
- रविवार को फिर अयोध्या पहुंच श्रीराम के चरणों में पीएम ने किया साष्टांग, देर रात तक लाखों लोगों का मिला स्नेह: योगी
- दिलाया विश्वास: अब भेदभाव नहीं होता, हर जिलों को मिल रही समान बिजली



### आने वाली पीढ़ी 25 साल बाद भी खुशहाल रहे, इसके लिए मोदी आज जरूरी

*सीएम ने कहा कि युवाओं के लिए भारत को विकसित बनाना है। आने वाली पीढ़ी 25 साल बाद भी खुशहाल रहे। कोई गरीब, कमजोर, बदहाल न रहे। ऐसा भारत चाहिए और इसके लिए मोदी आज जरूरी है। 2022 में शाहाबाद से रजनी तिवारी को जिताया और सरकार बनवाई। सीएम ने हरदोई से जयप्रकाश रावत को रिकॉर्डतोड़ वोटों से जिताने के साथ ही तीसरी बार देश की सत्ता पीएम मोदी को सौंपने की अपील की। इस अवसर पर योगी सरकार के मंत्री नितिन अग्रवाल, रजनी तिवारी, हरदोई के सांसद व भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश रावत, राज्यसभा सांसद अशोक वाजपेयी, पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल, विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह, श्याम प्रकाश, प्रभाष कुमार, विधान परिषद सदस्य अशोक अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।*



♦भारत टाइम्स♦

**हरदोई।** 6 मई सृष्टि के प्रारंभ से ही दो प्रकार के मानव रहते आए हैं। एक वे जीव हैं जो श्रीहरि विष्णु के विरोधी हैं और दूसरा वे, जो ईश्वरीय सत्ता के स्नेही हैं। हरदोई वाले श्रीहरि विष्णु के स्नेही हैं। देश में एक तरफ भगवान विष्णु के अवतार मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के भक्त हैं तो दूसरी तरफ रामद्रोही हैं। एक तरफ ईश्वरीय सत्ता पर विश्वास करने वाली भाजपा है तो दूसरी तरफ राम का द्रोह करने वाले। कांग्रेस ने अपने प्रवक्ता के खिलाफ इसलिए कार्रवाई कर दी, क्योंकि वे रामलला का दर्शन करने गई थीं। कांग्रेसियों की मति मारी गई है, जो भगवान का विरोध कर रहे हैं। इनकी दुर्गति तय है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने हरदोई के सांसद व भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश रावत के लिए सोमवार को शाहाबाद में जनसभा की। भीड़ देख अभिभूत सीएम ने कहा कि भीषण धूप में गर्मी व लू की परवाह किए बिना आप भाजपा को आशीर्वाद देने आए हैं। आपका उत्साह बता रहा कि आएंगे फिर मोदी ही। पूरे देश में जनता कह रही है कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। राम को लाने रामभक्त ही आएंगे, रामद्रोही नहीं। हरदोई में मेडिकल कॉलेज बन गया, गंगा एक्सप्रेसवे भी हरदोई से होकर जा रहा सीएम योगी ने कहा कि हरदोई में भी मेडिकल कॉलेज बन गया। गंगा एक्सप्रेसवे भी हरदोई से होकर जा रहा है। गंगा एक्सप्रेसवे के जरिए हरदोई से दिल्ली महज चार व प्रयागराज डेढ़-दो घंटे में पहुंच जाएंगे। इसमें औद्योगिक कलस्टर बनेंगे। हजारों नौजवानों के लिए नौकरी व रोजगार के अवसर भी आएंगे। कांग्रेस व सपा सरकार के समय गरीब भूखों मरता था, आज 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन मिल रहा है। इन लोगों ने 65 वर्ष शासन किया पर कुछ कर नहीं पाए। उप्र में किसी के बीमार होने पर हम पीड़ित के जनधन अकाउंट में पैसा भेजते हैं और कहते हैं कि इलाज कराओ। अब आने वाली सहायता में कोई कमीशन नहीं ले सकता, क्योंकि जनधन अकाउंट खुल गया है। कांग्रेस-सपा शासन में किसान आत्महत्या करता था, आज उसे किसान सम्मान निधि मिल रही है। अब संसाधन पर वर्ग विशेष की नहीं, 'सबका साथ' का दावा करने वाले पीएम हैं सीएम योगी ने कहा कि चेहरा देखकर काम नहीं होता है। संसाधन पर किसी वर्ग विशेष का अधिकार है, अब यह दावा करने वाले प्रधानमंत्री नहीं हैं। वे सबका साथ-सबका विश्वास की बात कहते हैं। मोदी सपने नहीं, हकीकत बुनते हैं, इसलिए बार-बार आमजन मोदी जी को चुनते हैं। सुरक्षा, सम्मान, समृद्धि, विकास के कारण पनपे जनविश्वास से ही बार-बार सरकार बन रही है। **अयोध्या में पहुंचे पीएम ने प्रभु को किया साष्टांग-** सीएम ने कहा कि रामलला कब विराजमान होंगे, यह देखने पीढ़ियां तड़प रही थीं। कांग्रेसी कहते थे कि राम हुए ही नहीं, लेकिन मोदी जी रविवार को फिर अयोध्या गए थे। प्रभु राम को साष्टांग प्रणाम किया। भगवान श्रीराम आरती की, फिर रात 9 बजे तक उनका रोड शो चलता रहा। अयोध्या के साथ ही पूरे देश से भी एक लाख लोग वहां पहुंचे थे। काशी विश्वनाथ धाम हो या विंध्यवासिनी धाम। अपने यहां के मठ-मंदिरों को देखिए, यहां भी धनराशि उपलब्ध कराई है। सीएम योगी ने कहा कि भाजपा सरकार में भेदभाव के दिन दूर हो गए कि कब्रिस्तान के लिए पैसा आएगा और श्मशान घाट के लिए नहीं आएगा। बिजली केवल चार जिलों को नहीं, बल्कि सभी 75 जिलों को समान रूप से मिल रही है।

## रामद्रोह और राष्ट्रद्रोह कांग्रेस के डीएनए में : योगी आदित्यनाथ

### मुख्यमंत्री ने कांग्रेस, सपा और इंडी गठबंधन पर साधा निशाना...

♦भारत टाइम्स♦

**लखनऊ।** 6 मई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें रामद्रोही और राष्ट्रद्रोही बताया है। अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बात करते हुए सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने लगातार रामभक्तों और मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का अपमान किया है। उसका ये आचरण दिखाता है कि वह वास्तव में सनातन राष्ट्र का अपमान करती रही है। कांग्रेस ने कभी कोई अवसर नहीं छोड़ा जब उसने देश और दुनिया में भारत को अपमानित न किया हो और सनातन धर्म को गाली न दी हो। उन्होंने कहा कि ये इंडी गठबंधन का करेक्टर है। ये लोग लगातार भारत की आत्मा को गाली देते हैं। हर प्रकार का प्रयास करते हैं कि बहुसंख्यक समाज अपमानित महसूस करे। चाहे कांग्रेस हो, सपा हो, नेशनल कांफ्रेंस हो या डीएमके हो, इन सभी का आचरण निंदनीय है और इनका आचरण ही इन्हें रसातल की ओर ढकेल रहा है। जो रामद्रोही है वो राष्ट्रद्रोही भी है- कांग्रेस नेत्री राधिका खेड़ा को रामलला के दर्शन करने पर उनकी पार्टी द्वारा अममानित किये जाने



को लेकर पूछे गये सवाल पर योगी ने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में रामद्रोह है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ श्रीराम का ननिहाल है, कोई भी रामभक्त किसी भी पार्टी का हो सकता है। कांग्रेस नेताओं द्वारा अपनी पार्टी की नेत्री का अपमान किया गया है, ये दिखाता है कांग्रेस, सपा और इंडी गठबंधन के डीएनए में रामद्रोह है और जो रामद्रोही है वो राष्ट्रद्रोही भी है। भारत का कोई भी जागरूक नागरिक इन्हें वोट नहीं करेगा। **जाके प्रिय न राम-बदेही...-** मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अपने आचरण से मजबूर हैं। सीएम योगी ने सभी रामभक्तों और नागरिक से अपील करते हुए कहा कि "जाके प्रिय न राम-बदेही, तजिये ताहि कोटि बैरी सम, जद्यपि परम सनेही॥" उन्होंने कहा कि कोई कितना भी आपका स्नेही हो, अगर वह राम विरोधी आचरण कर रहा है, तो मान के चलिए कि वह राष्ट्र विरोधी आचरण कर रहा है।

### जो जितना बड़ा रामभक्त है वो उतना बड़ा राष्ट्रभक्त

*सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर कहा कि जो जितना बड़ा रामभक्त है वो उतना बड़ा राष्ट्रभक्त है। पीएम मोदी प्रखर राष्ट्रभक्त और रामभक्त हैं। 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करके अयोध्या में रामलला फिर से विराजमान हुए हैं। अयोध्या का कायाकल्प मोदी जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में संभव हुआ है। आज जो नई अयोध्या है ये एक नई गाथा हमारे सामने प्रस्तुत करती है। पीएम मोदी की कल अयोध्या में उपस्थिति देश ही नहीं पूरी दुनिया के रामभक्तों को अभिभूत कर रही थी। पूरी अयोध्या वहां उमड़ी थी। लाखों श्रद्धालु और रामभक्त मोदी जी के दर्शन को उत्सुक थे। मोदी जी का अयोध्या में अभूतपूर्व स्वागत हुआ।*


# कांग्रेसियों की मति मारी गई है, जो भगवान का विरोध कर रहे हैं: योगी

## मुख्यमंत्री ने हरदोई लोकसभा क्षेत्र से सांसद व भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश रावत के लिए की जनसभा

- बोले: 25 साल बाद भी खुशहाल रहे भारत, इसके लिए आज मोदी जरूरी
- रविवार को फिर अयोध्या पहुंच श्रीराम के चरणों में पीएम ने किया साष्टांग, देर रात तक लाखों लोगों का मिला स्नेह: योगी
- दिलाया विश्वास: अब भेदभाव नहीं होता, हर जिलों को मिल रही समान बिजली







**हरदोई।** 6 मई सृष्टि के प्रारंभ से ही दो प्रकार के मानव रहते आए हैं। एक वे जीव हैं जो श्रीहरि विष्णु के विरोधी हैं और दूसरा वे, जो ईश्वरीय सत्ता के स्नेही हैं। हरदोई वाले श्रीहरि विष्णु के स्नेही हैं। देश में एक तरफ भगवान विष्णु के अवतार मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के भक्त हैं तो दूसरी तरफ रामद्रोही हैं। एक तरफ ईश्वरीय सत्ता पर विश्वास करने वाली भाजपा है तो दूसरी तरफ राम का द्रोह करने वाले। कांग्रेस ने अपने प्रवक्ता के खिलाफ इसलिए कार्रवाई कर दी, क्योंकि वे रामलला का दर्शन करने गई थीं। कांग्रेसियों की मति मारी गई है, जो भगवान का विरोध कर रहे हैं। इनकी दुर्गति तय है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने हरदोई के सांसद व भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश रावत के लिए सोमवार को शाहाबाद में जनसभा की। भीड़ देख अभिभूत सीएम ने कहा कि भीषण धूप में गर्मी व लू की परवाह किए बिना आप भाजपा को आशीर्वाद देने आए हैं। आपका उत्साह बता रहा कि आएंगे फिर मोदी ही। पूरे देश में जनता कह रही है कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। राम को लाने रामभक्त ही आएंगे, रामद्रोही नहीं। **हरदोई में मेडिकल कॉलेज बन गया, गंगा एक्सप्रेसवे भी हरदोई से होकर जा रहा-** सीएम योगी ने कहा कि हरदोई में भी मेडिकल कॉलेज बन गया। गंगा एक्सप्रेसवे भी हरदोई से होकर जा रहा है। गंगा एक्सप्रेसवे के जरिए हरदोई से दिल्ली महज चार व प्रयागराज डेढ़-दो घंटे में पहुंच जाएंगे। इसमें औद्योगिक कलस्टर बनेंगे। हजारों नौजवानों के लिए नौकरी व रोजगार के अवसर भी आएंगे। कांग्रेस व सपा सरकार के समय गरीब भूखों मरता था, आज 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन मिल रहा है। इन लोगों ने 65 वर्ष शासन किया पर कुछ कर नहीं पाए। उप्र में किसी के बीमार होने पर हम पीड़ित के जनधन अकाउंट में पैसा भेजते हैं और कहते हैं कि इलाज कराओ। अब आने वाली सहायता में कोई कमीशन नहीं ले सकता, क्योंकि जनधन अकाउंट खुल गया है। कांग्रेस-सपा शासन में किसान आत्महत्या करता था, आज उसे किसान सम्मान निधि मिल रही है। अब संसाधन पर वर्ग विशेष की नहीं, 'सबका साथ' का दावा करने वाले पीएम हैं सीएम योगी ने कहा कि चेहरा देखकर काम नहीं होता है। संसाधन पर किसी वर्ग विशेष का अधिकार है, अब यह दावा करने वाले प्रधानमंत्री नहीं हैं। वे सबका साथ-सबका विश्वास की बात कहते हैं। मोदी सपने नहीं, हकीकत बुनते हैं, इसलिए बार-बार आमजन मोदी जी को चुनते हैं। सुरक्षा, सम्मान, समृद्धि, विकास के कारण पनपे जनविश्वास से ही बार-बार सरकार बन रही है।

### अयोध्या में पहुंचे पीएम ने प्रभु को किया साष्टांग

*सीएम ने कहा कि रामलला कब विराजमान होंगे, यह देखने पीढ़ियां तड़प रही थीं। कांग्रेसी कहते थे कि राम हुए ही नहीं, लेकिन मोदी जी रविवार को फिर अयोध्या गए थे। प्रभु राम को साष्टांग प्रणाम किया। भगवान श्रीराम आरती की, फिर रात 9 बजे तक उनका रोड शो चलता रहा। अयोध्या के साथ ही पूरे देश से भी एक लाख लोग वहां पहुंचे थे। काशी विश्वनाथ धाम हो या विंध्यवासिनी धाम। अपने यहां के मठ-मंदिरों को देखिए, यहां भी धनराशि उपलब्ध कराई है। सीएम योगी ने कहा कि भाजपा सरकार में भेदभाव के दिन दूर हो गए कि कब्रिस्तान के लिए पैसा आएगा और श्मशान घाट के लिए नहीं आएगा। बिजली केवल चार जिलों को नहीं, बल्कि सभी 75 जिलों को समान रूप से मिल रही है।*

### आने वाली पीढ़ी 25 साल बाद भी खुशहाल रहे, इसके लिए मोदी आज जरूरी

*सीएम ने कहा कि युवाओं के लिए भारत को विकसित बनाना है। आने वाली पीढ़ी 25 साल बाद भी खुशहाल रहे। कोई गरीब, कमजोर, बदहाल न रहे। ऐसा भारत चाहिए और इसके लिए मोदी आज जरूरी है। 2022 में शाहाबाद से रजनी तिवारी को जिताया और सरकार बनवाई। सीएम ने हरदोई से जयप्रकाश रावत को रिकॉर्डतोड़ वोटों से जिताने के साथ ही तीसरी बार देश की सत्ता पीएम मोदी को सौंपने की अपील की। इस अवसर पर योगी सरकार के मंत्री नितिन अग्रवाल, रजनी तिवारी, हरदोई के सांसद व भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश रावत, राज्यसभा सांसद अशोक वाजपेयी, पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल, विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह, श्याम प्रकाश, प्रभाष कुमार, विधान परिषद सदस्य अशोक अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।*


## भारतीय ज्ञान परंपरा की खोज का आधार बुद्ध ने दिया: प्रो. इंद्रा नारायण सिंह

♦भारत टाइम्स♦

**उज्जैन / जगदीश परमार।** इण्डियन रिसर्च स्कॉलर्स एसोससिएशन के द्वारा शाम 4 बजे ह्यभारतीय ज्ञान परंपराः एक दार्शनिक दृष्टिकोणह्व विषय पर व्याख्यान आयोजिय किया गया । इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर इन्द्र नारायण सिंह ( वरिष्ठ प्राध्यापक, बुद्धिष्ट स्टडी सेंटर, दिल्ली विश्वविद्यालय) उपस्थित रहे । प्रोफेसर सिंह दर्शन के क्षेत्र में भारत में ही नहीं अपितु विश्व में एक जाना पहचना नाम है। बौद्ध दर्शन नें अपनी अलग पहचान रखनें वाले प्रोफेसर नारायण नें इण्डियन रिसर्च स्कॉलर्स एसोसिएशन के अभाषी मंच में सारगर्भित व्याख्यान दिया । उन्होनें अपने व्याख्यान के प्रारंभ में ज्ञान को अनेक आयामों में परिभाषित किया जिसमें बौद्ध, चार्वाक, आधुनिक और यांत्रिक ज्ञान के अनेक प्रयोजनों को स्पष्ट किया और उन्होंने कहा कि बौद्ध दर्शन भारतीय ज्ञान परंपरा की एक नवीन पहल थी जिसमें विश्व



कल्याण की भावना फलीभूत होती है । यदि बुद्ध के जीवन और उनके उपदेशों की बात करे तो उन्होनें काभी अपने आप को भगवान नहीं माना । बुद्ध नें सदैव अपनें आपको मनुष्य के रूप में दिखाया है ,परंतु उनके उपदेशों की उपादेयता अद्वितीय है जिनका अनुसरण करके साधारण मनुष्य भी मोक्ष के द्वारा पर जा सकता है। प्रोफेसर इन्द्र नारायण नें यह भी कहा कि बौद्ध दर्शन के अनुसार प्रत्येक प्रकार का प्राणी सांसारिक जीवन में रहते हुए भी आत्म चेनत से विश्व चेतना की परिकल्पना कर सकता है ,क्योंकि यह दर्शन मनुष्य के चेतना और ज्ञान पर आधारित है ।कार्यक्रम के शुरूआत में विकास कुमार,शोधार्थी, राजनीति विज्ञान एवं मानवाधिकार विभाग,इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक द्वारा स्वागत व्यक्तव्य दिया गया। उन्होंने हमारे अतिथि का स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा कार्यक्रम के स्वरूप को व्याख्यायित किया। इस व्याख्यान की समन्वयक आशा राजपुरोहित रही , सह- समन्वयक साक्षी एवं देवेन्द्र रहे तथा कार्यक्रम सचिव अंकिता शुक्ला रहीं। प्रोफेसर इन्द्र नारायण सिंह ने कहा कि भारत को भारत बौद्ध दर्शन के रूप में के महसूस करने की आवश्यकता है - भारत समय के साथ बह रहा है, समय के साथ एक गतिशील और ध्यानपूर्ण आंदोलन है जो सह-बोध की ध्यान क्रियाओं को मूर्त रूप देता है। बौद्ध धर्म दुखों की मुक्ति व निर्वाण प्राप्ति का मार्ग बताने वाला धर्म है, जिसमें महात्मा बुद्ध के उपदेश ही केंद्रीय हैं. ये नैतिक नियमों के आधार पर आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग दिखाते हैं।

## देश में केंद्रीय चुनाव आयोग के द्वारा लोकसभा चुनाव कराया जा रहा है पिछले तीन चरण चुनावों में घटते मतदान प्रतिशत का यह भी हो सकता है कारण

♦भारत टाइम्स♦

**सोनम कुमारी।** नेशनल क्राईम करप्शन इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ट्रस्ट के अध्यक्ष वी पी एस खुराना से वार्ता के दौरान हुई चर्चा यह हो सकते हैं घटते मतदान प्रतिशत के कारण जनता के मुताबिक प्रत्याशी न होना क्षेत्र में राजनीतिक पार्टियों व दलों के द्वारा पूर्व में की हुई घोषणाओ में दिलचस्पी न रखना तथा क्षेत्रीय मतदाताओं के विश्वास के साथ पूर्व प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों के द्वारा खिलवाड़ करना पूर्व में केंद्रीय चुनाव आयोग के द्वारा कुछ मानवीय आधार पर मतदाताओं नहीं हो सका सही उपयोग या फिर कहें त्रुटि के कारण छिन्न हो गए देश के बहुत से मतदाता इसके कुछ मुद्दे वाकई जानने योग्य है? की तरफ से बहस करते हुए ने कहा 2019 में 373 चुनाव क्षेत्र में गिरे गए मतों, और गिने गए मतों की संख्या में अंतर था, पार्लियामेंट समिति ने इससे सहमत होते हुए इसकी शिकायत चुनाव आयोग से की थी लेकिन चुनाव आयोग की तरफ से कोई जवाब नहीं दिया गया जिन कंपनियों द्वारा यह मशीन और वी वी पेट बनाई जा रही है उनमें पदाधिकारी डायरेक्टर्स कोन हैं तथा इनको 2019 के चुनाव बाद क्या सरकार से अनुचित तथा आर्थिक रूप से लाभ लिया गया था इस आरोप कोई जवाब नही है केंद्रीय चुनाव आयोग का कोई प्रति वाद नहीं था केंद्रीय चुनाव आयोग ने स्वीकार किया की वी वी पेट में सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जाता है सॉफ्टवेयर डालने के लिए मैन्युअल प्रोसेस होता है! यदि मशीन स्वयं कोई कार्य करती है तो उसमें गलती की गुंजाइश कम होती है परन्तु 2019 में 373 चुनाव क्षेत्र में गिरे गए मतों और गिने गए मतों की संख्या में क्यों अंतर था यदि उसमें समावेश होता है तो संदेह के पर्याप्त कारण नही होते हैं परन्तु यह भी मांग की गई वी वी पेट की पर्ची मतदाता के हाथ में दी जाए जिसे वह संतुष्ट होकर वहा पड़े एक पारदर्शी पात्र में डाल दे ,लेकिन केंद्रीय चुनाव आयोग ने दलील दी के 60 करोड़ वोटो को गिनने में 12 दिन का समय लग जाएगा इस पर क्या कोई केंद्रीय चुनाव आयोग की कोई जवाब देही बनती है या नही , इस पर नेशनल क्राईम करप्शन इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ट्रस्ट का कहना है पर्ची का आकार बहुत छोटा होता है और आप सिर्फ 24 घंटे दीजिए पर्ची गिन दी जाएगी वही यह भी तर्क दिया कि जब केंद्रीय चुनाव आयोग के द्वारा चुनाव को दो महीना में कराना होता है तो यदि गिनने के लिए एक या दो दिन का समय और लगे और पूरा देश इससे संतुष्ट हो तो क्या हमें यह प्रक्रिया नहीं अपनानी चाहिए परंतु केंद्रीय चुनाव आयोग ने यह कहा कि अभी विधानसभा में प्रत्येक विधानसभा में पांच पेट की गिनती होती है! जबकि बात गिनने की गई थी का कहना था 2% वीवी पेट की गिनती भी नहीं हो पाती है।